# NCC AIR WING -2022-2023

## Aim of NCC

**The NCC aims at developing character, comradeship, discipline, a secular outlook, the spirit of adventure and ideals of selfless service amongst young citizens. Further, it aims at creating a pool of organized, trained and motivated youth with leadership qualities in all walks of life, who will serve the Nation regardless of which career they choose. Needless to say, the NCC also provides an environment conducive to motivating young Indians to join the armed forces.**



**Flying Officer Dr. Chaman Lal**

**Flight Commander, NCC AIR FORCE MANDI, 1 HP AIR SQUADRON NCC**

**एनसीसी वायु सेना विंग मंडी**

**एनसीसी वायु सेना प्रशिक्षण वर्ष 2022-2023 में हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी के अंतर्गत 96 एनसीसी एयर विंग कैडेटों को प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया।**

एनसीसी वायुसेना मंडी की कमान फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह ने बतौर फ्लाइट कमांडर बखूबी संभाली है। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन के नेतृत्व में एनसीसी वायु सेना प्रशिक्षण के द्वितीय व तृतीय वर्ष के छात्र सैनिकों ने पंजाब के पटियाला में माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट को उड़ाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। एनसीसी एयर विंग कैडेट नेग्लाइडिंग व माइक्रोलाइट फ्लाइंग प्रशिक्षण में भाग लिया। वर्ष 2022 में कैडेट मोहित वर्मा ने ऑल इंडिया वायुसेना कैंप ग्वालियर में भाग लिया। कैडेट कारपोरल निकिता ठाकुर, कैडेट प्रेरणा वालिया व कैडेट मोहित वर्मा ने ऑल इंडिया वायुसेना शिविर गुजरात में भाग लिया।

कैडेट अंकुश कुमार ने गणतंत्र दिवस शिविर अंतर समूह प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कैडेट अंकुश कुमार ने वायुसेना शिविर में भी एनसीसी एयर विंग मंडी का प्रतिनिधित्व किया।सीनियर अंडर ऑफिसर पंकज कुमार व कैडेट वारंट ऑफिसर अजय कुमार ने राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली व प्रधानमंत्री रैली जनरल करियप्पा ग्राउंड दिल्ली में वर्ष 2022 मे एनसीसी वायु सेना विंग मंडी का प्रतिनिधित्व किया।

यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम का उद्देश्य एनसीसी या अन्य समकक्ष सरकार या मित्र देशों के युवा संगठनों से संबंधित कैडेटों का देश-से-देश आदान-प्रदान और विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी और एक-दूसरे की सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक वास्तविकताओं की सराहना करना है।

सालाना 150 से अधिक कैडेट युवा आदान प्रदान कार्यक्रम ( वाईईपी )पर विदेश जाते हैं। एनसीसी वायु सेना विंग मंडी के कैडेट वारंट ऑफिसर विकास ठाकुर रूस, अंडर ऑफिसर अजय ठाकुर बांग्लादेश, कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर दिग्विजय सिंह ने कजाकिस्तान व कैडेट गोपाल सिंह ने वियतनाम में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। फ्लाइंग ऑफिसर डॉक्टर चमन की कमांड में एनसीसी एयर विंग मंडी के कैडेटों ने वाषिक

प्रशिक्षण शिविर कुल्लू में भाग लिया।   एनसीसी एयर विंग मंडी  के कैडेटों ने  ड्रिल कंपटीशन, निशानेबाजी व खेलकूद प्रतिस्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर  ओवर आल  विजेता टॉफी पर कब्जा किया।

प्रशिक्षण वर्ष 2022 में एनसीसी वायु सेना विंग के 18 कैडेटों ने  सी प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण। जिसमें 8 कैडेटों ने  सी प्रमाण पत्र में ए ग्रेड व 10 कैडेटों ने बी   ग्रेड   प्राप्त किया। एनसीसी एयर विंग मंडी के कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर  अंगद सिंह   भारतीय वायुसेना में बतौर    फ्लाइंग ऑफिसर  बने।

कैडेट वांरट  अजय कुमार ने  भारतीय वायुसेना में अधिकारी बनने के लिए प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की।  एनसीसी कैडेटों ने सामुदायिक विकास कार्यक्रम , संस्थागत प्रशिक्षण,  साहसिक खेलो व युवा आदान प्रदान कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।   एनसीसी कैडेटों ने  नशा निवारण, स्वच्छता अभियान व पर्यावरण जागरुकता व रक्तदान के लिए  अभियान चलाए।

राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड, जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस परेडो में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।  महाविद्यालय परिसर में  प्रदेश के राज्यपाल व  मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया।

**फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन  (व्यक्तिगत उपलब्धियां)**

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन को अविष्कार फाउंडेशन महाराष्ट्र ने अविष्कार अचीवर अवार्ड- 2022 से नवाजा है।   डॉ चमन को   शिक्षा व एनसीसी के क्षेत्र में कठिन परिश्रम, निष्ठा व लगन भाव से कार्य करने पर राष्ट्रीय श्रेष्ठ राष्ट्र निर्माता शिक्षक अवॉर्ड से नवाजा गया।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉक्टर चमन के 4 शोध पत्र यूजीसी रिकमेंडड मुक्त शब्द जर्नल में प्रकाशित हुए हैं।

**प्रकाशित शोध पत्रों के शीर्षक:**

1 मीडिया मैपिंग ऑफ ह्यूमन राइट्स वायलेशन: केस स्टडी ऑफ शेड्यूल कास्ट इन इंडिया

2 रोल ऑफ स्पेस टेक्नोलॉजी मीडिया इन ऐड्रेसिंग डिजास्टर्स

3 मीडिया मैपिंग ऑफ रीजनल डिस्पेरिटीज इन इकोनामिक डेवलपमेंट

4 नाग -आर्य स्ट्रगल एंड ट्रीटी इन हिमाचल हिमालय: मीडिया डिस्कशन

5 फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने ग्रुप कैप्टन एसके शर्मा के साथ माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट से पंजाब के पटियाला एयरवेस से उड़ान भरी। माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट में फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन कॉकपिट में सहयोगी के रूप में उपस्थित रहे।

6 फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन रिवालसर के यूनिटी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 3 जनवरी 2023 को बतौर मुख्य अतिथि व स्रोत व्यक्ति के रूप में उपस्थित रहे। रिवालसर में हजारों की तादाद में उपस्थित विद्यार्थियों, अभिभावकों व भूतपूर्व सैनिकों को " राष्ट्रीय एकता में एनसीसी की भूमिका" पर व्याख्यान दिया।

7 फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कुल्लू में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में " हिमाचल हिमालय में बौद्ध संस्कृति एवं पर्यावरण: मीडिया विमर्श" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

8 डॉ चमन ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में राष्ट्रीय संगोष्ठी में " राष्ट्र निर्माण में डॉ बी आर अंबेडकर व सरदार पटेल की भूमिका: मीडिया विमर्श पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

9 डॉ चमन ने 23 - 24 दिसंबर 2022 शिमला में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में " डिजिटल इंडिया की अवधारणा में दलित पत्रकारिता" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।



फ्लाइंग ऑफिसर डॉ  चमन ने  ग्रुप कैप्टन एसके शर्मा के साथ  माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट  से  पंजाब के पटियाला एयरवेस से उड़ान भरी ।
माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट में फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन कॉकपिट  में  सहयोगी के रूप में उपस्थित रहे।

**NCC AIR WING – 2022-2023**

| S.N | Rank | NAME | Father's Name | REG.NO | CLASS | C. ROLL NO. | UNI Roll No | ACHIEVEMENT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SUO | Pankaj Kumar | Diwan Chand | HP20/SDF-309059 | BA3rd Year | AJMC1.202 | 1200560520 | **Cadet Senior Under Officer (CSUO)** Camp Senior ATC-217, ATC-218 and Donated Blood in Three times CSCA Member, State level shooting camp**( Position in Group Level competition)** |
| 2 | CWO | Rajkumar | Inder Singh | HP20/SDF-309060 | BSC 3RDyear | SP1-20-24 | 2200560453 | Best Cadet in ATC-217 , Donated Blood, Attended All India VayuSena Camp Jodhpur 2022 (24-9-2022 to 4-10-2022) (**National Lavel camp after selection at Directorate lavel camp )** |
| 3 | CDT. CPL | NIKITA Thakur | Surender Kumar | HP20/SWF-309065 | BA 3rd year | AEM1-20-04 | 1200560494 | Attended All India VayaSena Camp 2022 (24-9-2022 to 4-10-2022) (**National Lavel camp after selection at Directorate lavel camp** |
| 4 | CADET | PrernaWalia | Jai Ram Walia | HP20/SWF-309066 | BA 3rd year | AEMI-20-04 | 2200560921 | All India YayuSena Camp 24-9-2022 to 4-10-2022) (**National Lavel camp after selection at Directorate lavel camp** |
| 5 | CADET | MohitVerma | Hem Raj Verma | HP20/SDF-309058 | BSC 3RD | SM1-20-135 | 2200560329 | Air Force Attachment Camp Gawalior ) Pre-YayuSena Camp (IV) Ropar(**National Lavel camp after selection at Directorate lavel camp** |
| 6 | CADET | ANKUSH KUMAR | DINESH KUMAR | HP21/SDF-309343 | BSC-2ND YEAR | SMI-21-21 | 2210560079 | Inter group competition, Pre RDC-1, Pre RDC-II and Pre - YayuSena Camp (VSC) Ropar 2022 on selection **(Directorate Level Camp after selection at group level camp )** |
| 7 | CADET | KARTIK THAKUR | Ghanshyam | HP21/SDF-309348 | BA-2ND YEAR | 22 GEO-046 | 2210560211 | Inter group competition, Pre - YayuSena Camp ( PVSC-1) at NCC Academy Malout (Punjab) Directorate Level) |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | **(Directorate Level Camp after selection at group level camp )** |
| 8 | CADET | ISHAN KUMAR | BHISHAM KUMAR | HP21/SDF-309347 | BA-2ND YEAR | COMPSC/1-21-24 | 2210560009 | Basic Leadership Camp, Advance Leadership Camp-III (07 SEP 2022 -17 SEP 2022) on Selection at NCC Academy Malout (Punjab) **(Directorate Level Camp after selection at group level camp )** |
| 9 | CADET | ADITI THAKUR | TEK CHAND THAKUR | HP21/SWF-309362 | BA-2ND YEAR | AEN1-21-08 | 1210560034 | Inter group competition, PVSC-1 at NCC Academy Malout (Punjab) **(Directorate Level Camp after selection at group level camp )** |
| 10 | CADET | SONIYA | KHEM SINGH | HP21/SWF-309368 | BA-2ND YEAR | AEN1-21-08 | 2210560448 | Inter group competition, PVSC-1 at NCC Academy Malout (Punjab) **Directorate Level Camp after selection at group level camp )** |
| 11 | CADET | AKANKSHA | ROOP CHAND | HP21/SWF-309363 | BSC-2ND YEAR | SZ1-21-31 | 2210560048 | Inter group competition, Pre RDC-1, at NCC Academy Ropar **Directorate Level Camp after selection at group level camp )** |
| 12 | CADET | KANUPRIYA | DLOU RAM | HP20/SWF-309064 | BA-3RD YEAR | AHS1-20-180 | 1200560329 | Inter group competition, PVSC-1, at NCC Academy Mallout **Directorate Level Camp after selection at group level camp )** |
| 13 | CADET | PROMILA KUMARI | MILKHI RAM | HP21/SWF-309366 | BSC-2ND YEAR | AG1-21-35 | 1210560853 | Inter group competition, PVSC-1 at NCC Academy Malout **Directorate Level Camp after selection at group level camp )** |
| 14 | CADET | SAHIL SHARMA | HARISH SHARMA | HP21/SDF-309354 | BSC 2ND YEAR | SM1-21-100 | 2210560386 | ATTENDED Pre - YayuSena Camp ( PRE- VSC 1) at NCC Academy Malout **Directorate Level Camp after selection at group level camp )** |
| 15 | CADET | PRANAY SHARMA | YOGESH SHARMA | HP21/SDF-309350 | BSC 2ND YEAR | SP1-21-63 | 2210560332 | PRE- VSC 1 at NCC Academy Malout( **Directorate Level Camp after selection at group level camp )** |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | CADET | SHUBHAM THAKUR | DUNI CHAND | HP21/SDF-309355 | BA-2ND YEAR | APEDU1-21-20 | 1210561045 | BEST IN SKIT SHOOTING Competition in ATC-217 **( Position in Group Level competition)** |
| 17 | CADET | VARUN | HARISH KUMAR | HP21/SDF-309360 | BSC 2NDYEAR | SP1-21-57 | 2210560503 | DONATED BLOOD IN THREE TIME |
| 18 | CADET | LAVNISH | DHAN DEV | HP21/SDF-309351 | BA-2ND YEAR | APS1-21-208 | 1210560579 | ATTENDED Annual Training Camp (ATC-217), BEST IN DISCIPLINE AND ANCHORING COMPETITION **( Position in Group Level competition)** |
| 19 | CADET | PARUL | RAM SINGH | HP20/SWF-309067 | B.COM 3RD YEAR | C1-20-45 | 3200560115 | ATTENTED ATC-217. BEST IN CULTURAL Event and Best turnout **(Position in Group Level competition)** |

**NCC AIR Wing Cadets “C” Certificate Holders (2022-2023)**

| **S.N** | **RANK** | **Name** | **Father’s Name** | **REG.NO** | **CLASS (P)** | **CLASSROLLNO. P. Year** | **UNIVERSTYROLLNO** | **ACHIEVEMENT** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Cadet Under Officer | PANITA | Sh. Bhadar Singh | HP19/SWF/309297 | BA 3rdyear | AE1-19-04 | 1190560707 | Qualified NCC “C” certificate in “A” Grade |
| 2 | CWO | JAIPRAKASH | SH. Khem Chand | HP19/SWF-309309 | BSC 3rdyear | SP1-19-35 | 2190560272 | Qualified NCC “C” certificate in “A” Grade |
| 3 | CWO | ISHA CHANDEL | Sh. Dinesh Kumar | HP19/SWF-309289 | B.COM3RD YEAR | C1-19-202 | 3190560084 | Qualified NCC “C” certificate in “A” Grade |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | CWO | AJAY Kumar | Sh. Sanjay Kumar | HP19/SDF-309305 | BSC 3RDYEAR | SP1-19-07 | 2190560044 | Qualified NCC "C" certificate in "A" Grade |
| 5 | CDT. SGT. | JAGRITI SAINI | SH. Thakar Das | HP19/SDF-309290 | BSC 3rdyear | SM1-19-165 | 2190560270 | Qualified NCC "C" certificate in "A" Grade |
| 6 | CDT. SGT. | TANU CHAUDHARY | ShBalbir Singh | HP19/SWF-309299 | BSC 3rdyear | SZ-19-95 | 2190560759 | Qualified NCC "C" certificate in "A" Grade |
| 7 | CDT. CPL. | NIKITA | Sh Deep Chand | HP19/SWF-309296 | BSC3RD YEAR | SM-1-19-146 | 2190560462 | Qualified NCC "C" certificate in "A" Grade |
| 8 | Cadet | Nitish | Sh. Halku Ram | HP19/SDF-309312 | B.Sc 3rd year | SBI-19-S2 | 2190560483 | Qualified NCC "C" certificate in "A" Grade |
| 9 | Cadet | Rajini | ShLeela Singh | HP19/SWF-309298 | BVOC (H&T | H&T-19-09 | 11190560056 | Qualified NCC "C" certificate in "B" Grade |
| 10 | Cadet | Umesh | SH BRIJENDER GULERI | HP19/SDF309316 | B.SC-3RD YEAR | SM1-19-48 | 2190560787 | Qualified NCC "C" certificate in "A" Grade |
| 11 | Cadet | Naman | SH GANGA RAM | HP19/SDF309311 | B.SC-3RD YEAR | SC1-19-96 | 2190560415 | Qualified NCC "C" certificate in "B" Grade |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | Cadet | Jitender Kumar | SH GAURI DUTT | HP19/SDF309310 | B.COM-3RD YEAR | C1-19-136 | 3190560093 | Qualified NCC “C” certificate in “B” Grade |
| 13 | Cadet | Puneet | SH NAGENDER SINGH | HP19/SDF309313 | BA-3RD YEAR | AG1-19-15 | 1190560793 | Qualified NCC “C” certificate in “B” Grade |
| 14 | Cadet | Hemraj | SH LAL SINGH | HP19/SDF-309308 | BSC 3RD YEAR | SP1-19-36 | 2190560248 | Qualified NCC “C” certificate in “B” Grade |
| 15 | Cadet | Neha | SH. Om Chand | HP19/SWF-309295 | BA 3RD YEAR | AHS-19-68 | 1190560636 | Qualified NCC “C” certificate in “B” Grade |
| 16 | Cadet | Neha | SH. HIND NARESH | HP19/SWF-309294 | BSC 3RD YEAR | SM1-19-112 | 2190560431 | Qualified NCC “C” certificate in “B” Grade |
| 17 | Cadet | Dimpal | SH. SOHAN SINGH | HP19/SWF-309288 | BA 3RD YEAR | AHS-19-69 | 1190560109 | Qualified NCC “C” certificate in “B” Grade |
| 18 | Cadet | Ankush Thakur | SH. JOGINDER SINGH | HP19/SDF-309306 | BSC 3RD YEAR | SM1-19-10 | 2190560109 | Qualified NCC “C” certificate in “B” Grade |
| 19 | Cadet | Yograj | SH. BANSI LAL | HP19/SDF-309317 | BSC 3RD YEAR | SB1-19-91 | 2190560826 | Qualified NCC “C” certificate in “B” Grade |

**3 जनवरी 2022**

**एनसीसी आर्मी विंग व एनसीसी वायु सेना विंग के कैडेटों ने मुख्यमंत्री को शानदार गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया।**

राजकीय महाविद्यालय मंडी, 3 जनवरी से 6 जनवरी 2022 तक नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी ( महिला वर्ग) चैंपियनशिप का आयोजन कर रहा है। नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी ( महिला वर्ग) चैंपियनशिप का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने किया। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा- खेलों में खेल भावना सर्वोपरि है। हार और जीत जीवन के दो पहलू है। खेलों में देश की बेटियों ने कीर्तिमान स्थापित कर देश का नाम रोशन किया है।

हिमाचल प्रदेश से निषाद ने टोक्यो ओलंपिक में सिल्वर मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। हिमाचल प्रदेश से प्रियंका नेगी, कविता और रितु नेगी का खेलों मे उल्लेखनीय योगदान है। हिमाचल सरकार खेलों के विकास के लिए नयी खेल नीति लाएगी। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा- "मंडी महाविद्यालय का पूर्व छात्र होने के नाते मंडी महाविद्यालय के प्रति मेरी जिम्मेदारियां सर्वोपरि है।"

मंडी महाविद्यालय के 27 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले भवन का निर्माण कार्य जारी है। जुलाई 2022 तक इस भवन को महाविद्यालय के लिए सौंप दिया जाएगा। विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर वल्लभ राजकीय महाविद्यालय उनके छात्र जीवन व वर्तमान मे भी प्रदेश का सबसे बड़ा महाविद्यालय है।

वर्तमान में महाविद्यालय में 7000 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत है। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा - सरकार ने मंडी में राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय बनाने का निर्णय लिया है। प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने कहा- महाविद्यालय के इतिहास में पहली मर्तबा उत्तरी भारत के अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी (महिला वर्ग) चैंपियनशिप का आयोजन कर रहा है। प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया

इस अवसर पर फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह, लेफ्टिनेंट स्मृति ठाकुर व मेजर डॉ चेतन सिंह राणा के नेतृत्व में एनसीसी आर्मी विंग व एनसीसी वायु सेना विंग के कैडेटों ने मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को शानदार गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया। चैंपियनशिप के आयोजन सचिव डॉ सुनील सेन ने कहा- अंतर विश्वविद्यालय महिला वर्ग कबड्डी चैंपियनशिप में उत्तर भारत के 36 विश्वविद्यालयों की टीमें भाग ले रही है।

चैंपियनशिप मे उत्तरी भारत मे स्थापित विश्वविद्यालयों के लगभग 400 खिलाड़ी, 100 से अधिक टेक्निकल मैनेजर , टीम मैनेजर व खेल से संबंधित कोच भाग ले रहे। चैंपियनशिप के आयोजन सचिव डॉक्टर सुनील सेन ने कहा मंडी महाविद्यालय में 7000 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विषय में एकमात्र सहायक प्रोफेसर नियुक्त है।

इस अवसर पर राष्ट्रपति मेडल से अलंकृत महाविद्यालय के रोवर रेंजर बीए तृतीय वर्ष के छात्र बलबीर सिंह ने महाविद्यालय मे स्पोर्ट्स कंपलेक्स व महाविद्यालय प्रोफेसर कॉलोनी पडडल के जीर्णोद्धार व विकास की प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की है। राष्ट्रपति पदक से सम्मानित बलबीर सिंह ने कहा- महाविद्यालय मे जब 3000 विद्यार्थी अध्ययनरत थे उस वक्त महाविद्यालय में

प्रोफेसरों व गैर शिक्षक वर्ग के जितने पद थे आज 7 हजार से अधिक विद्यार्थी होने के बावजूद भी उतने ही प्रोफेसरों व गैर शिक्षक वर्ग के पद  स्वीकृत है। महाविद्यालय में छात्रों की संख्या को ध्यान में रखते हुए नए पदों का सृजन किया जाए।

चैंपियनशिप के  मीडिया समन्वयक सहायक प्रोफेसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह ने कहा- नॉर्थ जोन कबड्डी चैंपियनशिप का पहला मुकाबला चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी भिवानी व  सेंट्रल यूनिवर्सिटी हरियाणा के बीच खेला गया।  पहले मुकाबले में चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी भिवानी ने 68  व सेंट्रल यूनिवर्सिटी हरियाणा ने 13 पॉइंट्स अर्जित किये।  चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी भिवानी ने 55 अंकों के अंतर से सेंट्रल यूनिवर्सिटी हरियाणा को पराजित किया।

चैंपियनशिप के दूसरे मुकाबले मे लखनऊ यूनिवर्सिटी ने 45 पॉइंट के अंतर से नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी न्यू दिल्ली को पराजित किया।

आगामी 3 दिनों तक कबड्डी चैंपियनशिप के शानदार मुकाबला देखने को मिलेंगे। चैंपियनशिप का आयोजन वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी व हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

चैंपियनशिप को ऐतिहासिक व शानदार बनाने के लिए महाविद्यालय प्रशासन ने जिला प्रशासन व स्थानीय संस्थाओं के साथ सकारात्मक कदम उठाए हैं। चैंपियनशिप में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त खेल विशेषज्ञ व खिलाड़ी भाग लेंगे।

नॉर्थ जोन कबड्डी चैंपियनशिप मे  एमडीयू रोहतक, लखनऊ यूनिवर्सिटी, नेताजी सुभाष चंद्र बॉस यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी न्यू दिल्ली, डॉ राम मनोहर लोहिया अवध यूनिवर्सिटी अयोध्या, भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत,  गुरुग्राम यूनिवर्सिटी, गुरु काशी यूनिवर्सिटी तलवंडी सबो बठिंडा, यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली,  श्री वैष्णो देवी यूनिवर्सिटी कटरा, गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर, देहरादून टेक्निकल यूनिवर्सिटी उत्तराखंड, पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला, प्रोफेसर राजेंद्र सिंह यूनिवर्सिटी प्रयागराज,

गोविंद गुरु ट्राइबल यूनिवर्सिटी बंसवारा, चौधरी देवी लाल यूनिवर्सिटी सिरसा, सौवन सिंह जीना यूनिवर्सिटी अल्मोड़ा, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर, संत बाबा भाग सिंह यूनिवर्सिटी जालंधर, पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़, क्लस्टर यूनिवर्सिटी जम्मू, सीसीयू मेरठ, श्री गुरु ग्रंथ साहिब वर्ल्ड यूनिवर्सिटी फतेहगढ़ साहिब, सीएसजेएम यूनिवर्सिटी कनपुर, बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी झांसी, आईआईएमटी यूनिवर्सिटी मेरठ, महाराजा भूपिंदर सिंह पंजाब स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी पटियाला, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ जम्मू, यूएचएफ नौनी हिमाचल प्रदेश, इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर रेवाड़ी, यूनिवर्सिटी ऑफ पतंजलि, चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जिंद, गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी हिसार हरियाणा, चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी भिवानी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी हरियाणा व हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला के महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

आयोजन सचिव डॉ सुनील सेन ने कहा- टेक्निकल ऑफिशल्स में गोपाल देषटा, डॉ रविंद्र कुमार, लोकेश शर्मा, डॉ पवन कुमार पटियाल, ऋषि, डॉ जितेंद्र कुमार, ओम प्रकाश, के आर भगत, राजेंद्र कुमार, सुनील, अजय डोगरा, नेत्र ठाकुर, धर्मपाल, महिंद्र, राजीव कुमार, संदीप ठाकुर, दिनेश कुमार, सुनील शर्मा, अमित कुमार, विजयपाल चंदेल, सुरेंद्र कुमार, जगदीश सुरी, सविता, बबीता चौहान, सुरेंद्र कुमार, नंदलाल, अमर वर्मा, अशोक कुमार, सुरेश कुमार को शामिल किया गया है।

इस अवसर पर प्रोफेसर पूरन चौहान व संतोष के नेतृत्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गये। कार्यक्रम में मंडी सदर के विधायक अनिल शर्मा, बल्ह के विधायक इंद्र गांधी, सुंदर नगर के विधायक राकेश जमवाल, सरदार वल्लभ भाई पटेल विश्वविद्यालय मंडी के उपकुलपति प्रोफेसर चमन लाल चंदन , पेरेंट्स टीचर एसोसिएशन (पीटीए) के अध्यक्ष बलवंत ठाकुर सहित जिलाधीश मंडी, एसपी मंडी सहित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।



## Gaurad of Honour to CM by NCC AIR WING and Army Wing Cadets



**NCC AIR WING and Army Wing Cadets cadets with Flying Officer Dr. Chaman and PI Staff during Gaurad of Honour**

दिनांक 8 फरवरी 2022

## राज्यपाल के सम्मान मे  एनसीसी भारतीय वायु सेना विंग व एनसीसी आर्मी विंग ने गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी व सरदार वल्लभभाई पटेल क्लस्टर विश्वविद्यालय मंडी मे हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर  के सम्मान मे  एनसीसी भारतीय वायु सेना विंग व एनसीसी आर्मी विंग ने गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया। गार्ड ऑफ ऑनर का नेतृत्व भारतीय वायु सेना विंग मंडी के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह ने किया।

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल महामहिम राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने   एनसीसी वायु सेना विंग व एनसीसी आर्मी विंग के कैडेटों द्वारा शानदार गार्ड ऑफ ऑनर पेश करने के लिए कैडेटों को मिठाई आवंटित की।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर ने  गार्ड ऑफ ऑनर की कमान संभाली।  गार्ड ऑफ ऑनर में एनसीसी  वायु सेना विंग व  आर्मी विंग के  चुनिंदा कैडेटों को शामिल किया गया।  गार्ड ऑफ ऑनर में अभी हाल में ही गणतंत्र दिवस  परेड दिल्ली में भाग लेने वाले कैडेट   पंकज कुमार, कैडेट अजय कुमार व सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर अंडर ऑफिसर पनिता, कैडेट वारंट ऑफिसर जयप्रकाश सहित एनसीसी एयर विंग व आर्मी विंग के कैडेटों ने भाग लिया।   इस अवसर पर लेफ्टिनेंट डॉ  स्मृति ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सरदार वल्लभभाई पटेल विश्वविद्यालय मंडी के कुलपति डॉ डॉ  सी एल चंदन, कुलसचिव, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ संजय नारंग व वल्लभ राजकीय महाविद्यालय  मंडी के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने एनसीसी कैडेटों  द्वारा  राज्यपाल को शानदार गार्ड ऑफ ऑनर पेश करने के लिए बधाई दी है।

प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने कहा- गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेटों को महाविद्यालय प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य ने राज्यपाल के साथ संवाद कार्यक्रम में शिक्षा मे आधुनिक विज्ञान के साथ इंडीजीनस नॉलेज को समावेशित करने पर बल दिया। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो संजय नारंग विश्वविद्यालय की विकासात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर महाविद्यालय व विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों सहित शिक्षक वर्ग व गैर - शिक्षक वर्ग शिक्षक वर्ग ने भाग लिया।

**दिनांक 28 जनवरी 2022**

**वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के एनसीसी कैडेटों ने राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली व प्रधानमंत्री रैली दिल्ली में भाग लेकर पंजाब निदेशालय का प्रतिनिधित्व व प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है।**

महाविद्यालय के कैडेट पंकज कुमार, कैडट अजय कुमार व सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर ने राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस शिविर दिल्ली व प्रधानमंत्री रैली मे भाग लिया। एनसीसी भारतीय वायु सेना विंग मंडी के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह ने जानकारी देते हुए कहा-वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्र व एनसीसी एयर विंग कैडेट पंकज कुमार गणतंत्र दिवस शिवर दिल्ली व प्रधानमंत्री रैली मे गार्ड ऑफ ऑनर कंटिजेंट में शामिल रहे। पंकज कुमार कोटमोरस (धुआंधार) के रहने वाले है। पंकज के पिता दीवान ठाकुर एक सामाजिक कार्यकर्ता है।

महाविद्यालय के एनसीसी एयर विंग कैडेट अजय कुमार मंडी महाविद्यालय में बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र है। अजय कुमार मंडी के कोटली के रहने वाले है। महाविद्यालय एनसीसी आर्मी विंग के सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर महाविद्यालय में बीए तृतीय वर्ष के छात्र है। राहुल मंडी के पधर क्षेत्र के रहने वाले है। देश के प्रधानमंत्री ने 28 जनवरी 2022 करिअप्पा ग्राउंड दिल्ली में प्रधानमंत्री रैली में देश के एनसीसी कैडेटों के जोश और जज्बे को सलाम किया है।

हिमाचल प्रदेश एनसीसी एयर स्क्वाड्रन कुल्लू के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन एस के शर्मा, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह, फ्लाइंग ऑफिसर निश्चल शर्मा, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा, मेजर डॉ चेतन सिंह राणा, लेफ्टिनेंट डॉ स्मृति ठाकुर ने होनहार एनसीसी कैडेटों को बधाई दी है।

# 26 जनवरी की परेड में तीन होनहार

## मंडी कालेज के कैडेट्स को गणतंत्र दिवस के लिए बड़ा मौका

**कार्यालय संवाददाता – मंडी**



वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के तीन होनहार कैडेट पंकज कुमार, कैडेट अजय कुमार व सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में पंजाब निदेशालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

एनसीसी वायु सेना विंग मंडी के फ्लाइंग ऑफिसर डा. चमन लाल क्रांति सिंह ने बताया कि दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होने से पहले कैडेट पंकज कुमार, कैडेट अजय ठाकुर व सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर ने चितकारा विश्वविद्यालय बद्दी, एमएमयू सोलन और एनसीसी अकादमी रोपड़ में प्रशिक्षण लिया। फ्लाइंग ऑफिसर डा. चमन लाल क्रांति सिंह ने कहा कि चयनित होने वाले कैडेटों में एनसीसी वायु सेना विंग के केडैट पंकज कुमार, महाविद्यालय में पत्रकारिता व जनसंचार विभाग में द्वितीय वर्ष के छात्र है। पंकज कुमार कोटमोरस के रहने वाले है। एनसीसी एयर विंग के कैडेट अजय कुमार मंडी महाविद्यालय में बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र है। अजय कुमार मंडी के कोटली के रहने वाले है। एनसीसी आर्मी विंग के कैडेट राहुल ठाकुर महाविद्यालय में बीए तृतीय वर्ष के छात्र है। राहुल मंडी के पद्धर क्षेत्र से संबंधित है।

**दिनांक 10 फरवरी 2022**

**राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम मंडी मे आयोजित उद्यमिता ओरिएंटेशन प्रोग्राम मे वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए**

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम मंडी मे आयोजित उद्यमिता ओरिएंटेशन प्रोग्राम मे वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

बतौर बीज वक्ता डॉ चमन ने कहा -राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम देश की अर्थव्यवस्था, स्वरोजगार व उद्यमिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। डॉ चमन ने "उद्यमिता व संचार कुशलता " पर ओरियंटेशन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को विस्तृत व्याख्यान दिया।

डॉ चमन ने कहा- सूक्ष्म व लघु उद्योग देश की अर्थव्यवस्था का आधार स्तंभ है। सूक्ष्म व लघु उद्योगों से समावेशी विकास, संतुलित विकास, स्वरोजगार व उद्यमिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है। सूक्ष्म व लघु उद्योग पर्यावरणीय संतुलन व युवाओं के जीवन स्तर को उन्नत कर सकते हैं। कॉरपोरेट कम्युनिकेशन, उद्यमिता व उद्योग जगत में संचार कुशलता की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस अवसर पर डॉ चमन ने संचार व उद्यमिता की भूमिका पर प्रतिभागियों से विस्तृत जानकारी साझा की। डॉ चमन ने उद्यमिता क्षमता निर्माण व भारत के सफल उद्यमियों के संघर्षों पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दी।

डॉ चमन ने कहा- देश के युवाओं मे उद्यमिता व संचार कुशलता को बढ़ावा देने में राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम मंडी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम संस्थान मंडी प्रशिक्षुओं को उद्यमिता व स्वरोजगार परख पाठ्यक्रमों व प्रशिक्षण से अवगत करवा रहा है।

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम मंडी के प्रमुख प्रबंधक लोकेश ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व बीज वक्ता फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन को स्मृति चिन्ह भेंट किया।राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी) प्रमुख लोकेश भाटिया ने बताया कि प्रशिक्षुओं को इंडस्ट्री की अंदरूनी झलक दिखाने के लिए और उनमें भविष्य के उद्यमी बनने की इच्छा पैदा करने के लिए एन.एस.आई.सी. मंडी में अपनी ही तरह का एक अलग 'एंटरप्रैनियोरशिप ओरिएनटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि यह प्रोग्राम खास तौर पर उन प्रशिक्षुओं के लिए तैयार किया गया था, जो अभी अपना प्रशिक्षण ले रहें हैं और उद्यमित्ता के बारे में उनको कोई जानकारी नहीं हैं।

लोकेश भाटिया ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रोग्राम का मुख्य लक्ष्य प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद नौकरी तलाशने की बजाय उद्यमित्ता के संबंध में जागरूकता पैदा करना हैं। इस प्रोग्राम से लघु उद्योगों की भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्ता बारे, कारोबार स्थापित करने, प्रोजैक्ट रिपोर्ट तैयार करने और बाजार की संभावनाओं को समझने के साथ- साथ उनसे संबंधित मामलों बारे में युवाओं को जानकारी मिलती है। कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई, जिसमें स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना एंव मुख्यमंत्री सवाबलम्बन योजना पर विस्तृत चर्चा करते हुए विभिन्न उद्योग को स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उपस्थित प्रशिक्षुओं के सभी प्रश्नों का उत्तर देते हुए डॉ चमन व लोकेश भाटिया ने बताया कि ये योजनाएं समाज के सभी लोगों के लिए है। जिसके लिए आवश्यक दस्तावेज की व्यवस्था करते हुए संबंधित विभाग में आवेदन कर लाभान्वित हो सकते हैं। जिसमें सरकार के द्वारा एक लाख से पचास लाख रुपयों तक का लोन बैंकों के माध्यम से दिया जाता है जिसमें सरकार के द्वारा 35 प्रतिशत तक की सब्सिडी का भी प्रावधान है। इस प्रोग्राम से एन.एस.आई.सी. का मुख्य उद्देश्य कामयाब उद्यमी बनने के लिए नौजवानों की मदद करना है।

कार्यक्रम के दौरान  परियोजना समन्वयक विनय कुमार, गीता ठाकुर, डिम्पल सेन, सोमनाथ गुलेरिया, तरसिंदेर कौर सहित ओरियंटेशन के प्रतिभागी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**दिनांक 17 फरवरी 2022**

**एनसीसी कैडेटों के सम्मान मे कार्यक्रम आयोजित**

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी मे राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली मे पंजाब, हरियाणा हिमाचल प्रदेश व चंडीगढ़ निदेशालय का प्रतिनिधित्व करने वाले एनसीसी कैडेटों के सम्मान मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। वर्ष भर एनसीसी प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों के  लिए पद अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने की।

प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने पद अलंकरण समारोह में उपस्थित एनसीसी वायु सेना व एनसीसी आर्मी विंग के कैडेटों व अधिकारियों को संबोधित किया। प्राचार्य ने कहा ने कहा- महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। चरित्र निर्माण व अनुशासन में एनसीसी की भूमिका महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा, एनसीसी सीनियर डिविजन आर्मी विंग के कंपनी कमांडर मेजर चेतन सिंह राणा व फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह ने  गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।  महाविद्यालय स्मृति चिन्ह पुरस्कार  प्राप्त करने वालों मे सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर, कैडेट वारंट ऑफिसर अजय कुमार, कैडेट कॉरपोरल पंकज कुमार व कैडेट कॉरपोरल निकिता ठाकुर शामिल रहे।

इस अवसर पर एनसीसी वायु सेना विंग के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- वल्लभ महाविद्यालय का फाउंडेशन स्टोन , हिमाचल के लेफ्टिनेंट गवर्नर मेजर जनरल हिम्मत सिंह ने 1953 मे रखा है। हिमाचल प्रदेश में एनसीसी सर्वप्रथम वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में प्रारंभ की गई थी। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों ने रूस, कजाकिस्तान, वियतनाम व बांग्लादेश मे देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- वर्ष 2021-2022 के एनसीसी सैन्य प्रशिक्षण मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर एनसीसी एयर विंग के कैडेट अजय कुमार को पदोन्नत कर कैडेट वारंट ऑफिसर का रैंक प्रदान किया गया। कैडट पंकज कुमार को कारपोरल के पद पर पदोन्नत किया गया। कैडेट निकिता ठाकुर को कॉरपोरल के पद पर पदोन्नत किया गया।

पद अलंकरण समारोह मे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा, कंपनी कमांडर मेजर चेतन सिंह राणा व फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने एनसीसी सैन्य प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों के कंधे पर रैक लगाए।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉक्टर चमन ने कहा- एनसीसी सैन्य प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले

कैडेटों के सम्मान में महाविद्यालय प्रशासन द्वारा हाइ टी पार्टी का आयोजन किया गया। हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कुल्लू के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन एसके शर्मा ने गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली मे भाग लेने वाले कैडेटों व एनसीसी प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वल्लभ महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों को शुभकामनाएं प्रेषित की है। ग्रुप कैप्टन एस के शर्मा ने कहा- कैडेटों की उपलब्धियां एयर स्क्वाड्रन कुल्लू के लिए गौरव का विषय है।

इस अवसर पर एनसीसी आर्मी विंग के कंपनी कमांडर मेजर चेतन सिंह राणा ने कहा- महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट एनसीसी प्रशिक्षण के बाद भारतीय सशस्त्र बलों मे विभिन्न पदों पर अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे हैं।

पद अलंकरण समारोह मे कंपनी कमांडर मेजर चेतन सिंह राणा, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन, सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर, अंडर ऑफिसर पनिता, सीनियर अंडर ऑफिसर प्रियंका, कैडेट वारंट ऑफिसर अजय कुमार, कारपोरल पंकज कुमार, कारपोरल निकिता ठाकुर सहित एनसीसी एयर विंग व आर्मी विंग के सैकड़ों कैडेटों ने भाग लिया।

**दिनांक 22 फरवरी 2022**

**मंडी के होनहार व मेधावी युवा शिवम सहगल का आर्मी ऑफिसर के प्रशिक्षण के लिए इंडियन मिलिट्री अकादमी देहरादून के लिए चयन** हुआ है। शिवम ने टेक्निकल ग्रैजुएट कोर्स -134 मे देशभर में सर्विस सिलेक्शन बोर्ड बेंगलुरु से दूसरा स्थान अर्जित किया है।

शिवम, मंडी के खलियार क्षेत्र के रहने वाले हैं। एनसीसी वायु सेना विंग मंडी के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह ने जानकारी देते हुए कहा- शिवम सहगल 24 फरवरी 2022 को इंडियन मिलिट्री अकादमी देहरादून मे सैन्य प्रशिक्षण के लिए रिपोर्ट करेंगे। डॉ चमन ने कहा- शिवम के पिता डॉ संजय सहगल, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के भूगोल विभाग में प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष है। शिवम की माता रजनी सहगल, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनल) मे बतौर एसडीओ कार्यरत है। शिवम के दादा पीसी सहगल ब्लाक प्राइमरी एजुकेशन ऑफिसर के पद से सेवानिवृत्त अधिकारी है। दादी भी अध्यापिका रह चुकी है। छोटा भाई भास्कर मंडी के एक निजी स्कूल में आठवीं कक्षा की पढ़ाई कर रहा है।

प्रोफेसर संजय सहगल ने जानकारी देते हुए कहा- उनके बेटे शिवम ने डीएवी सेनेटरी पब्लिक स्कूल मंडी से मैट्रिक की है। टेन प्लस टू की परीक्षा हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से 96.4 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण कर हिमाचल प्रदेश में मेरिट में छठा स्थान अर्जित किया है। पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज चंडीगढ़ से कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग की स्नातक की डिग्री, प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है है।

शिवम बचपन से ही मेधावी व कुशाग्र बुद्धि के छात्र रहे है। शिवम सहगल ने इससे पूर्व नेशनल डिफेंस अकादमी (एनडीए) की परीक्षा, जेईई परीक्षा, कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज की परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुके है। शिवम, बीटेक कंप्यूटर इंजीनियर की डिग्री करने के बाद बहुराष्ट्रीय कंपनी मे बहुत अच्छे वेतनमान पर अपनी सेवाएं दे रहे थे।

लेकिन शिवम ने भारी-भरकम पैकेज की नौकरी को तिलांजलि देकर भारतीय सेना में बतौर सैन्य अधिकारी अपनी मातृभूमि की सेवा करने का निर्णय लिया है। शिवम कराटे में ब्लैक बेल्ट है। छात्र जीवन मे प्रश्नोत्तरी, भाषण, वाद विवाद, खेलकूद प्रतियोगिताओं मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करता रहा है।

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ,फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह व स्टाफ काउंसिल ने शिवम का भारतीय सैन्य अकादमी के लिए चयनित होने पर शुभकामनाएं दी है व शिवम के बतौर सैन्य अधिकारी चयन को मंडी और प्रदेश के लिए गौरव का विषय बताया है।

**दिनांक 11 मार्च 2022**

**एनसीसी वायु सेना विंग मंडी के कैडेटों को संस्थागत प्रशिक्षण मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए हिमाचल प्रदेश के एनसीसी ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर मनोज खंडूरी ने सम्मानित किया।**

हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कुल्लू द्वारा कुल्लू महाविद्यालय के सभागार मे आयोजित कार्यक्रम मे ग्रुप कमांडर मनोज खंडूरी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर मनोज खंडूरी ने युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम व गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली मे भाग लेने वाले कैडेटों को सम्मानित किया।

एनसीसी वायु सेना विंग मंडी के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने जानकारी देते हुए कहा- राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली व प्रधानमंत्री रैली दिल्ली मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए मंडी कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थी कैडेट कारपोरल पंकज कुमार, कैडट वारंट ऑफिसर अजय कुमार व राष्ट्रीय गैलंट्री अवॉर्ड लोगो प्रतिस्पर्धा मे देशभर में तृतीय स्थान अर्जित करने वाले कैडेट राजकुमार को ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर मनोज खंडूरी ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर कुल्लू महाविद्यालय की छात्रा कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर जुबेदा बौद्ध को युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम बांग्लादेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए एनसीसी ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर मनोज खंडूरी ने सम्मानित किया। एनसीसी कैडेटों को संबोधित करते हुए ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर मनोज खंडूरी ने कहा- एनसीसी का उद्देश्य युवाओं को बेहतरीन व चरित्रवान इंसान बनाना है।

युवा अनुशासन, एकता व परिश्रम की पराकाष्ठा से जीवन में अपने उद्देश्यों को पूर्ण कर सकते है। एनसीसी ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर मनोज खंडूरी ने हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन के अधिकारियों, एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर, जेसीओ, जवानों व एनसीसी कैडेटों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की है।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश एनसीसी एयर स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन एसके शर्मा के नेतृत्व मे एनसीसी कैडेटों द्वारा एनसीसी ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर मनोज खंडूरी को गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया। फ्लाइंग ऑफिसर निश्चल शर्मा ने एनसीसी कुल्लू व एनसीसी मंडी की शानदार उपलब्धियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इस अवसर पर फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह ने ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर मनोज खंडूरी को एनसीसी यूनिट की तरफ से पुष्प गुच्छ भेंट किया। एनसीसी वायु सेना विंग में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कैडेटों के सम्मान में हाइ टी पार्टी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एयर स्क्वाड्रन कुल्लू के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन एस के शर्मा, फ्लाइंग ऑफिसर निश्चल शर्मा, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन, सेकंड ऑफिसर रामलाल शर्मा, थर्ड ऑफिसर चंद्रशेखर, जूनियर वारंट ऑफिसर जितेंद्र यादव, सार्जेंट अमित चक्रवर्ती सहित एनसीसी एयर विंग मंडी, एनसीसी एयर विंग कुल्लू व एनसीसी एयर विंग जेएनवी कुल्लू के कैडेटों ने भाग लिया।

**5 अप्रैल 2022**

**71वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।**

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में 71वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में महाविद्यालय के पूर्व छात्र व वर्तमान में हिमाचल प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा- छात्र जीवन की मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विद्यार्थियों को अनुशासन व आनंद के साथ अध्ययन व जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करना चाहिए। प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी मे अपने छात्र जीवन के पलों को सांझा किया।

मुख्यमंत्री ने कहा- वल्लभ राजकीय महाविद्यालय प्रदेश का सबसे बड़ा महाविद्यालय है। महाविद्यालय से पढ़े विद्यार्थी देश और दुनिया में महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा- वल्लभ राजकीय महाविद्यालय में नए भवन का निर्माण अगस्त 2022 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

मंडी में राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना से भौगोलिक दृष्टि से दुर्गम और कठिन प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास होगा। इस अवसर पर एनसीसी आर्मी विंग व एनसीसी वायु सेना विंग के कैडेटों ने फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह की कमान में मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने एनसीसी वायुसेना विंग एनसीसी आर्मी विंग के कैडेटों द्वारा शानदार व उत्कृष्ट दर्जे का गार्ड ऑफ ऑनर पेश करने के लिए कैडेटों को मिठाई आवंटित की ।

इस अवसर पर मेजर चेतन सिंह राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने महाविद्यालय की उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने महाविद्यालय परिसर के विस्तृत चित्र का स्मृति चिन्ह भेंट किया।

प्राचार्य ने कहा- महाविद्यालय में 7200 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। महाविद्यालयों में शिक्षकों व गैर शिक्षकों के खाली पदों को भरने की नितांत आवश्यकता है। महाविद्यालय मे 82 प्रोफेसर है। वहीं प्रोफेसर कॉलोनी में मात्र 6 प्रोफेसरों के लिए ही आवास की व्यवस्था है। महाविद्यालय प्रोफेसर कॉलोनी पडडल के जीर्णोद्धार व मुरम्मत का कार्य, प्रकाश व्यवस्था तथा चारदीवारी की ऊंचाई बढ़ाने व प्रवेश द्वार का निर्माण करना अति आवश्यक है। महाविद्यालय परिसर में शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग के लिए नई कॉलोनी का निर्माण व विद्यार्थियों के लिए इंडोर गेम भवन की आवश्यकता है। इस अवसर पर एनसीसी वायु सेना विंग, एनसीसी आर्मी विंग, अकादमिक जगत, खेलकूद, एनएसएस, रोवर रेंजर मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों व कैडेटों को प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली व प्रधानमंत्री रैली दिल्ली मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी एयर विंग के कैडेट वारंट ऑफिसर अजय कुमार, कैडेट कॉरपोरल पंकज कुमार, कैडेट वारंट ऑफिसर अभिषेक ठाकुर, कैडट वारंट ऑफिसर शिल्पा व आर्मी विंग से सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर व सीनियर अंडर ऑफिसर रोशन लाल को प्रदेश के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

रोवर रेंजर यूनिट से राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्तकर्ता बलवीर ठाकुर को प्रदेश के मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया।

एनएसएस से देशराज व वदंना कुमारी को प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। अकादमिक जगत मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। पत्रकारिता विभाग से कृतार्थ ठाकुर, लेखराज, नीरज सोलंकी, दीक्षा ठाकुर, राकेश राणा व नूतन को शैक्षिक जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया गया।

एनसीसी एयर विंग से कैडेट अंडर ऑफिसर पनिता, कैरेट वारंट ऑफिसर जयप्रकाश, कैडेट वारंट ऑफिसर ईशा चंदेल, कैडेट सार्जेंट तनु चौधरी, कैडेट सीपीएल निकिता, कैडेट सीपीएल निकिता ठाकुर, कैडेट सीपीएल राजकुमार, कैडेट प्रेरणा वालिया, एलएफसी आंचल, सार्जेंट तनु चौधरी, कैडेट मनीषा, कैडेट नीतीश, कैडेट अंडर ऑफिसर सिमरन मल्होत्रा, कैडेट वारंट ऑफिसर साक्षी, कैडेट आशीष नेगी, कैडेट चेतन, कैडेट राहुल शर्मा, कैडेट हिमानी ठाकुर, कैडेट कंचन ठाकुर, कैडेट लक्ष्मी देवी, एलएफसी भानुप्रिया, कैडेट प्रतिभा, कैडट विद्या कुमारी, कैडेट मनोज को पुरस्कार प्रदान किए गए।

आर्मी विंग (गर्ल्स ) से सीनियर अंडर ऑफिसर प्रियंका, अंडर ऑफिसर रश्मि, कैडट अंडर ऑफिसर भूमिका शर्मा, सार्जेंट निकिता, सीपीएल सीमा देवी को सम्मानित किया गया। क्लासिकल डांस समूह नृत्य मे मन्नत महाजन, म्यूज़िक इंस्ट्रूमेंट समूह द्वितीय मे सोमेश, दीक्षा, समूह तृतीय क्लासिकल डांस मे राजेश, समूह चतुर्थ प्ले ,माईम व स्किट मे विशाल, मेघ सिंह, प्रियंका, दीक्षा ठाकुर, ममता कुमारी, प्रमोद भारद्वाज, प्रियंका सारस्वत, पुनीत कटोच, नरेश ठाकुर, पणिता, विशाल, तिलक राज, पवन कुमार, रश्मि को पुरस्कार प्रदान किए गए।

इसके अलावा महाविद्यालय में मेधावी छात्रों के प्रोत्साहन हेतु डॉक्टर बीआर अवस्थी छात्रवृत्ति (10200 रुपए), सोनिया स्मृति छात्रवृत्ति कुल राशि 11000, रुकमणी देवी व ठाकुर तेज सिंह समिति छात्रवृत्ति कुल राशि 5000 तथा श्री एचडी पूरी स्मृति छात्रवृत्ति कुल राशि 5000 इस सत्र में प्रदान की गई।

वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह मे शिक्षा, खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस, रोवर रेंजर मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सैकड़ों विद्यार्थियों व कैडेटों को सम्मानित किया गया।

पुरस्कार वितरण समारोह के द्वितीय सत्र में नाचन के विधायक विनोद कुमार, बल के विधायक इंद्र गांधी, पूर्व प्राचार्य डॉ राकेश कपूर, प्राचार्य बीआर सेन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों वह कैडेटों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर सुंदर नगर के विधायक राकेश जमवाल, नाचन के विधायक विनोद कुमार, बल्ह के विधायक इंद्र गांधी, जिलाधीश बंटी अरिंदम चौधरी, एडीसी जतिन लाल, मंडी की मेयर दीपाली, पीटीए के प्रधान बलवंत सिंह, पूर्व प्राचार्य डॉ राकेश कपूर, प्राचार्य बी आर सेन, सेवानिवृत्त प्रोफेसर अनिल ठाकुर , मेजर चेतन सिंह राणा, फ्लाइंग ऑफिसर डॉक्टर चमन, प्रोफेसर सीमा बावा, प्रोफेसर जसवंत सिंह, बीडीसी सदस्य परमानंद आजाद सहित शहर के गणमान्य व्यक्ति, शिक्षक वर्ग, गैर शिक्षक वर्ग सहित महाविद्यालय के हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**दिनांक 30 अप्रैल 2022**

**राष्ट्रीय कैडेट कोर ( एनसीसी) आर्मी विंग मे 21 वर्ष की उत्कृष्ट सेवा के बाद मेजर राजकुमार पठानिया सेवानिवृत्त हुए।**

इस अवसर पर 2 हिमाचल प्रदेश एनसीसी बटालियन (आर्मी विंग) मे कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम मे डेमोक्रेटिक एएनओ फॉर्म हिमाचल प्रदेश ने मेजर राजकुमार पठानिया की एनसीसी में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। हिमाचल प्रदेश के सभी एसोसिएट्स एनसीसी अधिकारियों की तरफ से मेजर डॉ चेतन सिंह राणा ने मेजर राजकुमार पठानिया को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

इस अवसर पर 2 हिमाचल प्रदेश एनसीसी आर्मी विंग बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ए एस लुथरा, प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल राजीव भोला, मेजर डॉ चेतन सिंह राणा, लेफ्टिनेंट जय, लेफ्टिनेंट अजय सहित बटालियन के एएनओ व जेसीओ विशेष रुप से उपस्थित रहे।

1 हिमाचल प्रदेश एनसीसी एयर स्क्वाड्रन के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- मेजर राजकुमार पठानिया वर्तमान मे राजकीय महाविद्यालय वैजनाथ मे अर्थशास्त्र विभाग में बतौर प्रोफेसर अपनी सेवाएं दे रहे है। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- एनसीसी कैडेटों में समाज सेवा, नेतृत्व, टीम भावना, अनुशासन व आत्मविश्वास जैसे गुणों को विकसित करने में मेजर पठानिया की भूमिका सराहनीय रही है। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने मेजर राजकुमार पठानिया की सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं प्रेषित की है।




**21 वर्ष की उत्कृष्ट सेवा के बाद मेजर राजकुमार पठानिया सेवानिवृत्त**

**दिनांक 29 मई 2022**

**जसवाल की पुस्तक" नोकमा एंड अनफेयरी टेल्स" का विमोचन पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने किया।**

विश्व विख्यात लेखक रजनीश कुमार जसवाल की पुस्तक" नोकमा एंड अनफेयरी टेल्स" का विमोचन पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने किया। हिमाचल प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारी रजनीश जसवाल की नई पुस्तक " नोकमा एंड अनफेयरी टेल्स" का संस्करण अमेजोन पर उपलब्ध है। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- यह पुस्तक जवाहर नवोदय विद्यालय के "राष्ट्रीय एकता मिशन" कार्यक्रम के अनुभवों पर आधारित है। लेखक ने बहुत ही शानदार तरीके से जवाहर नवोदय विद्यालय बाघमारा मेघालय के अपने छात्र जीवन के अनुभवों को पाठकों के लिए प्रस्तुत किया है।

डॉ चमन ने कहा- युवा लेखक रजनीश की शानदार कृति " नोकमा एंड द अनफेयरी टेल्स" का लोकार्पण करना उनके लिए

अत्यंत गौरव का विषय है। डॉ चमन ने कहा- युवा लेखक रजनीश उनके बचपन के मित्र व जेएनवी पंडोह, जेएनवी बाघमारा मेघालय , हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला मे सहपाठी रह चुके हैं।

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष सहायक प्रोफेसर डॉ चमन ने कहा- युवा लेखक रजनीश, हिमाचल प्रशासनिक सेवाओं के काबिल अधिकारी होने के साथ-साथ साहित्यिक जगत में अपना उत्कृष्ट योगदान दे रहे है।रजनीश, बहुत ही शानदार तरीके से, परिस्थितियों, मनुष्यों, संस्कृतियों, मानव व्यवहारों, को समझने व उनका विश्लेषण करने व लिखने की कला मे पारंगत है।

रजनीश, अब तक 7 से अधिक किताबों को लिख चुके हैं। साहित्यिक जगत में उनका शानदार योगदान पाठको व उनको मित्रों को रोमांचित, हर्षित व जिंदादिल बनाए रखेगा। "नोकमा एंड द अनफेयरी टेल्स" पुस्तक पूर्वोत्तर भारत विशेषकर मेघालय की संस्कृति, आर्थिकी, सामाजिक व शैक्षणिक परिस्थितियों का विश्लेषण करती है।

हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारी रजनीश कुमार जसवाल वर्तमान में हिमाचल सरकार मे कोऑपरेटिव सोसायटी ( क्रेडिट) मे ज्वाइंट रजिस्ट्रार के पद पर कार्यरत है। रजनीश की प्रकाशित व चर्चित पुस्तकों मे " क्यूबिकल्स ऑफ एन बी एच 1" हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के छात्र जीवन व संघर्षों पर आधारित शानदार कृति है।

उल्लेखनीय है कि ट्रांस हिमालय विशेषकर लाहौल स्पीति में अपनी पोस्टिंग के दौरान लिखी पुस्तक " टू विंटर एंड थ्री समर" पाठकों में बहुत विख्यात है। डॉ चमन ने कहा- रजनीश, जिला मंडी के पांगणा क्षेत्र से हैं। रजनीश ने अपनी शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह, जवाहर नवोदय विद्यालय बाघमारा, साउथ गारो हिल्स मेघालय व हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से पूर्ण की है। रजनीश छात्र जीवन से ही मेधावी व मेहनती विद्यार्थी रहे।

जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप शर्मा, महासचिव सचिन ठाकुर, संयुक्त सचिव डॉ चमन, डॉ अभिलाषा, सिंगापुर से अजय कौशिक, डॉ संदीप राणा, डॉ रंजना, यदुपति, ताबरी, लोकेश भाटिया, रूपलाल, संजय डोगरा, अनिल ठाकुर, डीएफओ सुबीना ठाकुर, संजय, राजेंद्र, राजकुमार सहित सभी पाठको ने रजनीश जसवाल की पुस्तकों की सराहना की है।इस अवसर पर वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा के माध्यम से महाविद्यालय पुस्तकालय के लिए रजनीश की पुस्तक " नोकमा एंड द अनफेयरी टेल्स" की प्रतियां पाठकों के लिए उपलब्ध करवाई गई।

"नोकमा एंड अनफेयरी टेल्स" पुस्तक के लोकार्पण के समय वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के राजनीति शास्त्र के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ दायक राम ठाकुर, डॉ ओमप्रकाश ठाकुर, आयुर्वेद विभाग से शर्मिला सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**दिनांक 29 मई 2022**

**कैडेटों के सम्मान में राजभवन में हाई टी पार्टी का आयोजन किया गया ।**

राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड 2022 में भाग लेने वाले हिमाचल प्रदेश के एनसीसी कैडेटों को प्रदेश के राज्यपाल महामहिम राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने प्रशंसा पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कैडेटों के सम्मान में राजभवन में हाई टी पार्टी का आयोजन किया गया ।

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के एनसीसी एयर विंग कैडेट वारंट ऑफिसर अजय कुमार, कैडेट कॉरपोरल पंकज कुमार व एनसीसी आर्मी विंग के सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर को राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में भाग लेने के लिए हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल ने सम्मानित किया।

हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा-

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के एनसीसी कैडेटों ने राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली व प्रधानमंत्री रैली दिल्ली में भाग लेकर पंजाब निदेशालय का प्रतिनिधित्व व प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है।

महाविद्यालय के कैडेट कारपोरल पंकज कुमार, कैडट वारंट ऑफिसर अजय कुमार व सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर ने राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस शिविर दिल्ली व प्रधानमंत्री रैली मे भाग लिया। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह ने जानकारी देते हुए कहा- वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्र व एनसीसी एयर विंग कैडेट कारपोरल पंकज कुमार गणतंत्र दिवस शिवर दिल्ली व प्रधानमंत्री रैली मे गार्ड ऑफ ऑनर कंटिजेंट में शामिल रहे। पंकज कुमार कोटमोरस (धुआंधार) के रहने वाले है। पंकज के पिता दीवान ठाकुर एक सामाजिक कार्यकर्ता है।

महाविद्यालय के एनसीसी एयर विंग कैडेट वारंट ऑफिसर अजय कुमार मंडी महाविद्यालय में बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र है। अजय कुमार मंडी के कोटली के रहने वाले है। महाविद्यालय एनसीसी आर्मी विंग के सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर महाविद्यालय में बीए तृतीय वर्ष के छात्र है। राहुल मंडी के पधर क्षेत्र के रहने वाले है।

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने कहा- महाविद्यालय के एनसीसी एयर विंग व आर्मी विंग के कैडेटों को प्रदेश के राज्यपाल द्वारा सम्मानित करना अत्यंत गौरव का विषय है। प्राचार्य ने महाविद्यालय के कैडेटों द्वारा राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सराहना की है।

हिमाचल प्रदेश एनसीसी एयर स्क्वाड्रन कुल्लू के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन एस के शर्मा, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह, फ्लाइंग ऑफिसर निश्चल शर्मा, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा, मेजर डॉ चेतन सिंह राणा, लेफ्टिनेंट डॉ स्मृति ठाकुर ने होनहार एनसीसी कैडेटों को बधाई दी है।



**हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल महामहिम राजेंद्र विश्वनाथन अरलेकर के कर कमलों से सम्मानित होने वाले वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर, कैडेट वारंट ऑफिसर अजय कुमार व कैडट कारपोरल पंकज कुमार सामूहिक चित्र (राजभवन शिमला) में**

**दिनांक 6 जून 2022**

**विश्व पर्यावरण दिवस  आयोजित**

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में विश्व पर्यावरण दिवस आयोजित किया गया। **दिनांक 5 जून 2022,** विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने की। प्राचार्य ने कहा- मानव के अस्तित्व के लिए पर्यावरण का संरक्षण व संवर्धन अनिवार्य है। प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने कहा- पर्यावरण जागरूकता, संरक्षण और संवर्धन मे वल्लभ राजकीय महाविद्यालय की एनसीसी एयर विंग व आर्मी विंग महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। मंडी शहर के नजदीक ढांगसीधार व कांगनीधार मे पौधारोपण व स्वच्छता अभियान में पिछले एक दशक से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन, लेफ्टिनेंट डॉ  स्मृति व मेजर डॉ चेतन के नेतृत्व में एनसीसी एयर विंग  व एनसीसी आर्मी विंग ने पर्यावरण जागरूकता, स्वच्छता अभियान व नशाखोरी के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। हिमाचल प्रदेश एनसीसी एयर स्क्वाड्रन के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा-  पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन में मनुष्य को अपने मन के प्रदूषित विचारों को

समाप्त करना महत्वपूर्ण है।  मनुष्य के लालच  व जरूरत से ज्यादा संचय की प्रवृत्ति ने प्रकृति को नुकसान पहुंचाया है।

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को आयोजित किया जाता है। 5 जून को रविवार की छुट्टी होने के बावजूद एनसीसी कैडेटों ने 4 जून 2022 से 6 जून 2022 तक "  टू सेव प्लेनेट एज वी हैव ओनली वन प्लेनेट" विषय पर  पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, चित्र लेखन व जागरूकता रैलियों का आयोजन किया।

एनसीसी एयर विंग पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में कैडेट भूमिका ने प्रथम स्थान व कैडेट प्रेरणा वालिया ने द्वितीय स्थान अर्जित किया।

स्लोगन राइटिंग मे कैडट ट्विंकल ने प्रथम स्थान व कैडेट योगिता ने द्वितीय स्थान अर्जित किया।

आर्मी विंग चित्र लेखन स्पर्धा में कैडेट सुगंधा ने प्रथम स्थान अर्जित किया। कैडेट ईशानी व कैडेट हीरा ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान व कैडेट कोमल ने तृतीय स्थान अर्जित किया।लेफ्टिनेंट डॉ स्मृति ठाकुर के नेतृत्व में एनसीसी कैडेटों ने पर्यावरण जागरूकता रैली में भाग लिया।

पर्यावरण जागरूकता पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में मेजर चेतन सिंह राणा, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह, लेफ्टिनेंट डॉ स्मृति ठाकुर व एनसीसी एयर विंग व एनसीसी आर्मी विंग के सैकड़ों कैडेटों ने भाग लिया।




Cadet Bhumika
1HP AIR SQN NCC KULLU

**दिनांक 8 जून 2022**

## मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया।

राज्य स्तरीय लैपटॉप वितरण समारोह में वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी मे एनसीसी वायु सेना विंग व एनसीसी आर्मी विंग के कैडेटों ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया। एनसीसी आर्मी विंग के मेजर चेतन सिंह राणा व एनसीसी एयर विंग के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह की कमान में प्रदेश के मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया। 2 हिमाचल प्रदेश एनसीसी आर्मी विंग बटालियन ने एनसीसी कैडेटों को गार्ड ऑफ ऑनर के लिए प्रशिक्षित किया है।

गार्ड ऑफ ऑनर में एनसीसी एयर विंग के कैडेट वारंट ऑफीसर अजय कुमार, कैडेट वारंट ऑफिसर जयप्रकाश, कैडेट कारपोरल निकिता ठाकुर, कैडेट जागृति सैनी, कैडेट आंचल, कैडेट सिद्धांत शर्मा, कैडेट वारंट ऑफिसर ईशा चंदेल, कैडेट अरविंद, कैडेट मुकुल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कैडेट वरुण ने गार्ड को कमांड किया।

इस अवसर पर एनसीसी वायु सेना विंग व एनसीसी आर्मी विंग द्वारा शानदार गार्ड ऑफ ऑनर पेश करने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कैडेटों को मिष्ठान प्रदान किया। राज्य स्तरीय लैपटॉप वितरण समारोह में लैपटॉप प्राप्त करने वालों में एनसीसी एयर विंग के कैडेट वारंट ऑफिसर अजय कुमार, कैडेट कारपोरल पंकज कुमार व कैडेट पुनित शामिल रहे। हिमाचल प्रदेश के उच्च शिक्षा निर्देशक डॉ अमरजीत शर्मा व राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने एनसीसी कैडेटों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की

सराहना की है। इस अवसर पर वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के एमकॉम की छात्रा  जोनम, भावना, भारती, कैशिका सहित महाविद्यालय की मेधावी विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय लैपटॉप वितरण समारोह में सम्मानित किया गया।

**दिनांक 26 जून 2022**

**फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह को  शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत, निष्ठा और लगन से कार्य करने पर राष्ट्रीय स्तर पर अविष्कार अचीवर अवार्ड -2022 से सम्मानित किया गया है।**

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह को  शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत, निष्ठा और लगन से कार्य करने पर राष्ट्रीय स्तर पर अविष्कार अचीवर अवार्ड -2022 से सम्मानित किया गया है। हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन के फ्लाइंग ऑफिसर व पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ चमन को   राष्ट्रीय - श्रेष्ठ राष्ट्र निर्माता शिक्षक अवार्ड से सम्मानित किया गया है।  यह  अवार्ड "अविष्कार फाउंडेशन सोलापुर महाराष्ट्र" ने प्रदान किया है।

देश व  दुनिया में अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले  प्रबल  व्यक्तित्वों को अविष्कार  फाउंडेशन सोलापुर महाराष्ट्र अवार्ड प्रदान करती है। उल्लेखनीय है, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने शिक्षा, शोध, पर्यावरण, पत्रकारिता व एनसीसी के क्षेत्र मे सराहनीय कार्य किए है।  डॉ चमन की कोऑथरड बुक " इंडस्ट्रीलाईजेशन इन हिमालयन रीजन: विद स्पेशल रेफरेंस टू हिमाचल प्रदेश"  कनिष्का प्रकाशन दिल्ली से प्रकाशित शैक्षणिक जगत में प्रसिद्ध रिफरेंस बुक है। इस पुस्तक को कई  पीएचडी के शोधार्थी शोध कार्यों के लिए रिफरेंस बुक के रूप में उपयोग कर चुके हैं।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ  चमन यूजीसी की तीन  महत्वपूर्ण शोध परियोजनाओं को पूर्ण कर चुके हैं। जिसमें कोऑथर्ड शोध परियोजना " पोटेंशियल ऑफ न्यू इंडस्ट्रीज इन हिमाचल प्रदेश"  हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड हिमालयन स्टडीज, यूजीसी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मे पूर्ण किया है।

इस शोध परियोजना के लिए वर्ल्ड बैंक व कनफेडरेशन आफ इंडियन इंडस्ट्री ( सीआईआई) से अनुशंसा पत्र प्राप्त हुआ है।

"डवेलमेंट इन हिमालयन विलेज" शोध परियोजना व "इंपैक्ट ऑफ गवर्नमेंट पॉलिसीज फॉर दी अपलिफ्टमेंट आफ दलित्स" विषय पर यूजीसी की शोध परियोजना  व मोनोग्राफ पूर्ण किए है।

डॉ चमन, एमफिल स्तर के शोधार्थीओ व शोध परियोजनाओं के मार्गदर्शक रह चुके है।  पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में बोर्ड ऑफ स्टडीज के सदस्य है।  इसके अलावा केबल रेगुलेशन एक्ट 1995 के सम्माननीय सदस्य है।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ  चमन ने पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय व भूगोल विषय में यूजीसी की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा को उत्तीर्ण करने के बाद हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड हिमालयन स्टडीज विभाग मे  लगभग 5 साल अपनी सेवाएं दी है। व 13 वर्षों से राजकीय महाविद्यालय काडर में बतौर  असिस्टेंट प्रोफेसर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।  16 वर्षों तक भारत के सबसे बड़े युवा संगठन राष्ट्रीय कैडेट कोर में बतौर कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर, केयर टेकर ऑफिसर व प्रशिक्षित सहायक एनसीसी अधिकारी (एएनओ) अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दी है।  वर्तमान में हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी मे बतौर फ्लाइंग ऑफिसर अपनी सेवाएं दे रहे है।

डॉ चमन ने " सामाजिक- आर्थिक विकास में क्षेत्रीय असमानताओं"  पर पीएचडी का शोध ग्रंथ पूर्ण किया है।   डॉ चमन के 15 से अधिक शोध पत्र राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के जर्नल्स मे प्रकाशित हो चुके है।  डॉ चमन ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सेमीनारों व कार्यशालाओं मे अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए हैं।

उल्लेखनीय है कि डॉ चमन , शिमला दूरदर्शन, समाचार पत्रों व सतलुज जल विद्युत परियोजना शिमला कार्यालय में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। डॉ चमन ने वर्ष 2006 में टेरिटोरियल आर्मी का प्री- कमीशन उत्तीर्ण किया था।

महाविद्यालय में बतौर सहायक प्रोफेसर व एनसीसी ऑफिसर डॉ चमन ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, संस्थागत प्रशिक्षण, युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम, साहसिक कार्यक्रमों व सामुदायिक विकास कार्यक्रमों में उल्लेखनीय कार्य किये है।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन के नेतृत्व में वल्लभ कॉलेज मंडी के एनसीसी कैडेट्स ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के कैडेट युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में कजाकिस्तान, वियतनाम, बांग्लादेश व रूस में महाविद्यालय व देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने कहा- प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली, भारतीय सेनाओं में बतौर कमीशंड ऑफिसर कैडेटों का चयन होने के पीछे फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन के मार्गदर्शन वह मेहनत का नतीजा है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 से वर्ष 2018 तक मंडी के पंचवक्त्र स्लम चिल्ड्रन की शिक्षा में डॉ चमन के नेतृत्व में मंडी महाविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों व बीएड के प्रशिक्षु विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस उल्लेखनीय कार्य के लिए डॉ चमन की टीम को एशिया रेडक्रॉस के प्रमुख व भारत रेडक्रॉस के महासचिव ने सम्मानित किया है। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन के नेतृत्व मे एनसीसी कैडेटों ने ढांगसीधार व कांगनीधार में कई सैकड़ों औषधियों पौधों का रोपण कर पर्यावरण जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मंडी पडडल ब्यास तट से लेकर सौलीखडड ब्यास नदी के किनारों से भारी मात्रा में प्लास्टिक एकत्रित कर जिला प्रशासन को सौंपा गया था।

डॉ चमन अब तक 16 से अधिक बार जरूरत पड़ने पर विभिन्न अस्पतालों में रक्तदान कर चुके हैं। डॉ चमन, वर्ष 2019 में एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के कारण 32 दिनों तक चंडीगढ़ के फोर्टिस हॉस्पिटल व पीजीआई चंडीगढ़ हॉस्पिटल में उपचाराधीन रहे। कुछ महीनों तक व्हीलचेयर व वाकर पर पुनः चलने का अभ्यास किया।

पीजीआई चंडीगढ़ हॉस्पिटल के सर्जिकल डिपार्टमेंट की प्रोफेसर डॉ दिव्या दहिया की टीम  द्वारा सफलतापूर्वक इलाज करने के लिए फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने विशेष आभार व्यक्त किया है। डॉ चमन ने कहा हिम्मत और साहस,  माता-पिता व गुरुजनों के आशीर्वाद,  डॉक्टरों, प्रशिक्षकों, मित्रों व परिवार के सहयोग से  दोबारा  दौड़ने व चलने का अभ्यास किया।

7 फरवरी 2021 से लेकर 11 जून 2021 तक दो चरणों के कठिन सैन्य प्रशिक्षण को ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी नागपुर व एयर फोर्स स्टेशन तंबाराम चेन्नई  मे शारीरिक व मानसिक प्रतियोगिताओं व परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद डॉ चमन को भारतीय वायु सेना के फ्लाइंग ऑफिसर का रैंक प्रदान किया गया।  वर्तमान में मंडी एनसीसी वायु सेना विंग के पहले  प्रशिक्षित एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर बने।डॉ चमन, को पत्रकारिता  व ह्यूमन ज्योग्राफी के क्षेत्र में  उत्कृष्ट कार्य करने के लिए वर्ष 2007 में हिमाचल प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने "पत्रकारिता प्रोत्साहन पुरस्कार"  व  ह्यूमन जियोग्राफी पुरस्कार से  सम्मानित कर चुके है।

डॉ चमन छात्र जीवन मे, पैराग्लाइडिंग,  रॉक क्लाइंमिंग , निशानेबाजी व विश्वविद्यालय युवा समारोहों मे प्रश्नोत्तरी स्पर्धाओं, कविता पाठ, भाषण स्पर्धाओं  में वल्लभ राजकीय महाविद्यालय  मंडी व हिमाचल प्रदेश  विश्वविद्यालय शिमला का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। डॉ चमन, वर्तमान में जवाहर नवोदय विद्यालय एल्यूमिनी एसोसिएशन के संयुक्त सचिव भी है।  गौरतलब है कि,

जवाहर नवोदय विद्यालय एलुमनी एसोसिएशन पंडोह अब तक लगभग 15 लाख से अधिक की धनराशि निर्धन, मेधावी  विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा मे मदद लिए  मुहैया करवा  चुकी है। डॉ चमन ने कहा-  यह उनके जीवन के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि व इस नेक मुहिम का हिस्सा है।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने जवाहर नवोदय विद्यालय एल्यूमिनी एसोसिएशन व पीजीआई चंडीगढ़ हॉस्पिटल में कार्यरत डॉ बुद्धि सिंह का विशेष आभार व्यक्त किया है। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन मंडी जिला के कोटमोरस  क्षेत्र की  धार पंचायत के गांव मढ़धार

से संबंध रखते हैं। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन के पिता श्री जी आर प्रेमी, खंड विकास कार्यालय गोहर से वरिष्ठ प्रगति सहायक के पद से सेवानिवृत्त हुए है। उल्लेखनीय है कि पिता श्री जी आर प्रेमी को बतौर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए हिमाचल सरकार द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

माता कमला देवी कुशल गृहिणी है। माता का सपना था कि बेटा बड़े होकर एक शिक्षक बने। डॉ चमन ने कहा कि मुझे जीवन में एक शिक्षक, एनसीसी वायु सेना ऑफिसर, मीडिया प्रोफेसर बनने का संयुक्त अवसर मिला है। उन्होंने कहा यह कार्य उनके लिए चुनौतीपूर्ण व पसंदीदा है। देश के लिए चरित्रवान, अनुशासित व प्रोफेशनल उत्कृष्ट मानव संसाधन को तैयार करना उनके लिए महत्वपूर्ण कार्य है।

डॉ चमन ने अपनी शिक्षा कोटमोरस, जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह, जवाहर नवोदय विद्यालय (बाघमारा) मेघालय, जवाहर नवोदय विद्यालय सरोल ( चंबा), वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी , हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से अर्जित की है।वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा, ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर ( सेवानिवृत्त), मेजर खेम सिंह ठाकुर, पूर्व प्राचार्य डॉ आई डी शर्मा, पूर्व प्राचार्य डॉ राकेश कपूर, प्रोफेसर एच एल शर्मा, संसद टीवी से पवन शर्मा, पटियाला से फ्लाइंग ऑफिसर डॉ बलदेव सिंह, गुजरात से फ्लाइंग ऑफिसर डॉ विरमदेव सिंह बपा लाल गोहिल, डॉ नीलम ठाकुर, जोगिंदर नगर कॉलेज की प्राचार्य डॉ सुनीता सिंह, डीएसपी मनोहर, कहानीकार व लेखक कृष्ण महादेविया, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ सीमा बाबा, डॉ दायक राम ठाकुर, मेजर (डॉ) चेतन सिंह राणा, लेफ्टिनेंट डॉ स्मृति ठाकुर, सिंगापुर से अजय कौशिक, रजनीश जसवाल, डॉ अभिलाषा, डॉ दिलीप, डॉ मेहर चंद, जूनियर वारंट ऑफिसर जितेंद्र यादव, फ्लाइंग ऑफिसर निश्चल शर्मा, डॉ केशव, रमेश व शर्मिला सिंह सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों, विद्यार्थियों व एनसीसी कैडेटों, जवाहर नवोदय विद्यालय एल्यूमिनी एसोसिएशन व हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी के स्टाफ ने फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन को अविष्कार अचीवर अवार्ड -2022 मिलने पर बधाई दी है।

**दिनांक 12 अगस्त 2022**

**एनसीसी कैडेटों और एनएसएस  स्वयंसेवियों ने मंडी शहर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया**

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में एनसीसी कैडेटों और एनएसएस  स्वयंसेवियों ने मंडी शहर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। तिरंगा यात्रा की अगुवाई महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने की ।

प्राचार्य डॉ पी शर्मा ने कहा- तिरंगा हमारी राष्ट्रीय अस्मिता की पहचान है।  तिरंगा, भारत की आन बान और शान का प्रतीक है। राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। तिरंगे की शान के लिए शहीदों ने सर्वोच्च बलिदान दिया है।

तिरंगे में निहित अशोक चक्र  भारत के लोगों को सदैव प्रगति के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर फ्लाइंग ऑफिसर डॉ  चमन, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ  नवीन सैनी व डॉ  ममता परमार के नेतृत्व में शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में एनसीसी कैडेटों, एनएसएस  स्वयंसेवियों के अलावा महाविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। एनसीसी कैडेटों  व एनएसएस स्वयंसेवियों ने तिरंगा यात्रा से देशभक्ति का संदेश दिया।

**दिनांक 15 अगस्त 2022**

**एनसीसी वायु सेना विंग व एनसीसी आर्मी विंग के कैडेटों ने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस की भव्य परेड  मंडी मे  भाग लिया।**

एनसीसी वायु सेना विंग व एनसीसी आर्मी विंग के कैडेटों ने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस की भव्य परेड मंडी मे  भाग लिया।  हिमाचल प्रदेश एनसीसी एयर स्क्वाड्रन के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन  लाल क्रांति सिंह की कमांड मे एनसीसी वायु सेना विंग व आर्मी विंग के कैडेटों ने स्वतंत्रता दिवस की परेड मंडी में भाग लिया।

एनसीसी वायुसेना विंग व  आर्मी विंग के मार्चिंग  कंटिजेंट की सभी टुकड़ियों का नेतृत्व एनसीसी एयर विंग कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर पंकज कुमार ने किया। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय एनसीसी एयर विंग  की फ्लाइट का नेतृत्व कैडेट वारंट ऑफिसर राजकुमार ने किया। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा-  परेड सैन्य बलों के अनुशासन व टर्न आउट को प्रदर्शित करती है।

एनसीसी एकता व अनुशासन के आदर्श वाक्य पर काम करने वाला देश व  दुनिया का सबसे बड़ा  वर्दी धारक युवाओं का संगठन है। राष्ट्रीय कैडेट कोर भारतीय रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करती है। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- एनसीसी एयर विंग मंडी के कैडेटों ने  युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में कजाकिस्तान, वियतनाम, रूस व बांग्लादेश में देश का प्रतिनिधित्व किया हैं।

मंडी में आयोजित स्वतंत्रता दिवस की परेड में   वल्लभ राजकीय महाविद्यालय एनसीसी सीनियर डिवीजन एयर विंग, एनसीसी जूनियर डिवीजन एयर विंग  डीएवी मंडी, गवर्नमेंट विजय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के जूनियर डिवीजन आर्मी विंग के कंटिजेंट  ने भाग लिया।  इसके अलावा शहर के अन्य शैक्षणिक संस्थानों के एनसीसी कैडेटों ने भी  भव्य परेड मे भाग लिया।

इस अवसर पर एनसीसी एयर विंग व आर्मी विंग के कंटिजेंट ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस की परेड में एनसीसी कैडेटों द्वारा शानदार प्रदर्शन करने पर सराहना की है।

इस अवसर पर मंडी नगर निगम की महापौर दीपाली बतौर मुख्य अतिथि, भारतीय प्रशासनिक सेवाओं की अधिकारी रितिका जिंदल ( एसडीएम मंडी), फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन, पूर्व प्रोफेसर व विख्यात लेखक दिनेश धर्मपाल कपूर, फर्स्ट ऑफिसर जितेंद्र कुमार, सीटीओ सुशील सैन, सीटीओ सुनील कुमार , आर्मी वूमेन एसोसिएशन से आशा ठाकुर व समूह, मीना चंदेल, मंडी नगर निगम के काउंसलर राजेंद्र मोहन सहित शहर के गणमान्य व्यक्तियों व मंडी जिला के हजारों नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

**दिनांक 17 अगस्त 2022**

**एनसीसी वायु सेना विंग के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर कलैहली कुल्लू में एनसीसी एयर विंग मंडी के कैडेटों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर महाविद्यालय प्रशासन ने कैडेटों के सम्मान में हाई टी पार्टी का आयोजन किया।**

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने जानकारी देते हुए कहा-वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (217 &218) कलैहली कुल्लू मे कैंप कमांडेंट ग्रुप कैप्टन एस के शर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉक्टर चमन ने कहा- एनसीसी एयर विंग मंडी के कैडेटों ने शिविर में आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार अर्जित किए हैं। सीनियर डिवीजन एनसीसी एयर विंग मंडी ने टेंट पिचिंग स्पर्धा में प्रथम विजेता पुरस्कार, महिला कैडेट वर्ग वालीबॉल स्पर्धा में प्रथम विजेता पुरस्कार, स्किट व प्ले स्पर्धा में प्रथम विजेता पुरस्कार ट्रॉफी अर्जित की है। ड्रिल स्पर्धा में उप विजेता ट्रॉफी, पुरुष वर्ग वालीबॉल स्पर्धा में उप विजेता ट्रॉफी, समूह गान व समूह नृत्य में उप विजेता ट्रॉफी अर्जित की है।

एकल नृत्य में शानदार प्रदर्शन करते हुए एनसीसी वायु सेना विंग मंडी की कैडेट प्रेरणा वालिया ने द्वितीय पुरस्कार अर्जित किया है। एकल गान स्पर्धा में एलएफसी आंचल ठाकुर ने द्वितीय पुरस्कार अर्जित किया है। वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए एनसीसी एयर विंग मंडी के कैडेटों को हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन कुल्लू के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन एसके शर्मा ने विजेता, उपविजेता ट्रॉफीयो व मेडल से पुरस्कृत किया है।

कैडेट पंकज कुमार को गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में भाग लेने व एनसीसी प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन कुल्लू के कमांडिंग ऑफिसर एसके शर्मा ने कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर के रैक प्रदान किए। कैडेट कारपोरल राजकुमार को एनसीसी में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए कैडेट सार्जेंट ऑफिसर के रैंक से नवाजा।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने जानकारी देते हुए कहा- ड्रिल, निशानेबाजी, स्किट फायरिंग, एयरोमॉडलिंग, टैंट पीचिंग, स्पेशलाइज सब्जेक्ट क्लासेस, लाइन एरिया कंपटीशन, स्पोर्ट्स व कल्चर कंपटीशन मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के कारण एनसीसी एयर विंग मंडी के 11 कैडेटों का चयन प्री वायु सेना कैंप एनसीसी अकैडमी मलोट पंजाब के लिए हुआ है। एनसीसी वायु सेना प्रथम चरण शिविर के लिए एनसीसी एयर विंग मंडी से फ्लाइट कैडेट मोहित वर्मा, कैडैट वारंट ऑफिसर राजकुमार, कैडैट सीपीएल निकिता ठाकुर, फ्लाइट कैडेट प्रेरणा शर्मा, फ्लाइट कैडेट प्रेरणा वालिया, फ्लाइट कैडेट अंकुश कुमार, फ्लाइट कैडेट कनुप्रिया, फ्लाइट कैडेट कार्तिक ठाकुर, फ्लाइट कैडेट प्रोमिला कुमारी, फ्लाइट कैडेट साहिल शर्मा व फ्लाइट कैटेट अदिति ठाकुर का चयन हुआ है।

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने कहा- फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन के नेतृत्व में एनसीसी एयर विंग के कैडेटों ने देश  व दुनिया में महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। एनसीसी एयर विंग मंडी के कैडेट रूस, वियतनाम, कजाकिस्तान व बांग्लादेश में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। प्राचार्य ने एनसीसी ऑफिसर डॉ चमन व एनसीसी एयर विंग कैडेटों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की है। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन के नेतृत्व में एनसीसी कैडेटों ने सजला फाल  पर्वत चोटी व खोखन पर्वत चोटी मे ट्रैकिंग  में भाग लिया है।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह ने कहा- राष्ट्रीय कैडेट कोर कैडेटों मे चरित्र, मैत्री भाव, अनुशासन, एकता, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, खेल भावना, देश के लिए निस्वार्थ सेवा भाव विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।  एनसीसी का उद्देश्य देश के लिए उत्कृष्ट नागरिक तैयार करना व जिंदगी की चुनौतियों को स्वीकार कर देश सेवा के लिए सदा सर्वदा  तैयार रहने की सिखलाई देती है।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्रशासन की तरफ से वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए महाविद्यालय में हाई टी पार्टी का आयोजन किया गया। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन  ने कहा- वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 217- 218 मे सीनियर डिवीजन में एनसीसी एयर विंग मंडी, एनसीसी एयर विंग कुल्लू कॉलेज, एपीजे शिमला विश्वविद्यालय, इंडस इंटरनेशनल विश्वविद्यालय ऊना के कैडटो ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 217 का आयोजन 18 जुलाई 2022 से 27 जुलाई व वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 2018 का आयोजन 28 जुलाई से 6 अगस्त तक कलैहली कुल्लू में आयोजित किया गया। महाविद्यालय के स्टाफ काउंसिल के सचिव डॉक्टर पूनम शर्मा ने एनसीसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को बधाई दी है।

**4 सितंबर 2022**

**वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया हिंदी दिवस**

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। हिंदी दिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेंद्र पाल शर्मा ने की। प्राचार्य योगेंद्र पाल शर्मा ने कहा- हिंदी जनमानस की भाषा है। माटी और मातृभाषा मनुष्य के जीवन का अभिन्न अंग है।

इस अवसर पर महाविद्यालय में भाषण प्रतिस्पर्धा, प्रश्नोत्तरी प्रतिस्पर्धा, चित्र लेखन, काव्य पाठ व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हिंदी दिवस पर आयोजित भाषण प्रतिस्पर्धा में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के तृतीय वर्ष के छात्र नीरज सोलंकी ने प्रथम स्थान अर्जित किया। महाविद्यालय की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा टिकमी देवी व अरुण लाल ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान अर्जित किया। महाविद्यालय के बीए तृतीय वर्ष के छात्र लोकेश कुमार ने तृतीय स्थान अर्जित किया।

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्र नीरज सोलंकी ने कहा- हिंदी पत्रकारिता ने देश की आजादी के संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हिंदी सिनेमा व संगीत माध्यम ने हिंदी को वैश्विक भाषा बना दिया है। बोलने वालों की संख्या के अनुसार हिंदी भाषा पूरी दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। काव्य गोष्ठी प्रतिस्पर्धा में भूपेंद्र कुमार ने प्रथम स्थान, कामिनी ने द्वितीय स्थान व नेहा ने तृतीय स्थान अर्जित किया।

हिंदी विभागाध्यक्ष  डॉ राजकुमार जमवाल ने कहा-    मातृभाषा हिंदी को जीवन में एक अनिवार्य स्थान देने से ही इसका विकास होगा।हिंदी विभाग  की सहायक प्रोफेसर  सरिता के नेतृत्व में प्रश्नोत्तरी स्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में ए टीम ने प्रथम स्थान अर्जित किया। ए टीम में अजीत कुमार, चुन्नीलाल, खीमराज व  खीमी राज शामिल रहे। द्वितीय स्थान पर सी टीम रही। सी टीम में जमुना, रीना  व गेहर चंद शामिल रहे।  कुमारी सुनीता के नेतृत्व में तृतीय स्थान पर बी टीम रही।

इस अवसर पर निर्णायक मंडल में डॉ सुमन भारद्वाज, डॉ हेमलता ठाकुर, सहायक प्रोफेसर हिना, व सहायक प्रोफेसर भेद राम शामिल रहे। इस अवसर पर अंग्रेजी विभागाध्यक्षा प्रोफेसर सीमा बावा,  राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राम सिंह अटल, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ चमन लाल क्रांति सिंह, प्रोफेसर दायक राम ठाकुर, हिंदी विभाग के प्रोफेसर भूपेंद्र शर्मा, प्रोफेसर सरिता,

राजनीति शास्त्र  विभाग से प्रोफेसर बलदीप वर्मा,  सहायक प्रोफेसर कृष्णा, अंग्रेजी विभाग से सहायक प्रोफेसर हंसराज अर्थशास्त्र विभाग से सहायक प्रोफेसर बंदना, सहित महाविद्यालय के विभिन्न संकाय के सैकड़ों  विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**दिनांक 8 अक्टूबर 2022**

**वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में एनसीसी वायु सेना विंग ने वायु सेना दिवस आयोजित किया।**

वायु सेना दिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने की ।

प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने कहा- भारतीय वायु सेना का इतिहास गौरवमई है। भारतीय वायु सेना ने भारतीय वायु सीमा की सुरक्षा, देश की एकता व अखंडता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में एनसीसी वायु सेना विंग की कमांड फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह ने बखूबी संभाली है। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन के नेतृत्व में एनसीसी वायु सेना विंग ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम गौरवान्वित किया है।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में एनसीसी एयर विंग मंडी के कैडेट युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में बांग्लादेश, कजाकिस्तान, वियतनाम व रूस में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन के प्रशिक्षण व मार्गदर्शन में एनसीसी कैडेट भारतीय वायु सेना व स्थल सेना में बताओ अधिकारी चयनित हुए हैं। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने जानकारी देते हुए कहा- 8 अक्टूबर 1932 को वायु सेना की स्थापना की गई थी। द्वितीय विश्व युद्ध में भारत के वायु सैनिकों व अधिकारियों के पराक्रम ने दुनिया को हैरान कर दिया था।

देश के साथ लड़े जाने वाले युद्धों में भारतीय वायु सेना की निर्णायक भूमिका ने देश को विजय दिलाने मे महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भारतीय वायु सेना ने युद्ध व आपातकालीन आपदाओं में महत्वपूर्ण व उल्लेखनीय कार्य किए हैं ।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने एनसीसी वायुसेना विंग व एनसीसी आर्मी विंग के कैडेटों को भारतीय वायु सेना के गौरवमई इतिहास, आदर्श वाक्य व वायु सेना ध्वज से अवगत करवाया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेटों को एयर फोर्स डे की डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- परमपवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा अपने छात्र जीवन में एनसीसी एयर विंग के कैडेट रह चुके हैं।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने जानकारी देते हुए कहा- एयर फोर्स डे पर एनसीसी वायुसेना विंग मंडी ने भाषण स्पर्धा, देशभक्ति से ओतप्रोत कविता पाठ व भारतीय वायु सेना के वीर सेनानियों के चित्रों की प्रदर्शनी व भारतीय वायुसेना के प्रेरणादायक चित्रो को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर "नभः स्पर्श दीपतम" वायु सेना के आदर्श वाक्य पर आधारित भाषण प्रतिस्पर्धा में कैडेट अंकुश ने प्रथम, कैडट आकांक्षा ने द्वितीय व कैडेट प्रोमिला ने तृतीय स्थान अर्जित किया।

शहीदों के बलिदान विषय पर आधारित कविता पाठ में कैडेट सोनिया ने प्रथम, कैडेट तनु ने द्वितीय व कैडेट कार्तिक ने तृतीय स्थान अर्जित किया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट थानेश्वरी ने जीवन के उद्देश्यों को प्राप्त करने में विजुअल कम्युनिकेशन के महत्व पर जानकारी सांझा की।

इस अवसर पर परमवीर चक्र विजेता फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों, मार्शल ऑफ द इंडियन एयरफोर्स अर्जुन सिंह, सीडीएस जनरल बिपिन रावत व कैप्टन विक्रम बत्रा के चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर पंकज कुमार , कैडेट थानेश्वरी सहित एनसीसी वायुसेना विंग व एनसीसी आर्मी विंग के सैकड़ों कैडेटों ने भाग लिया।

**दिनांक 18 अक्टूबर 2022**

**एनसीसी वायु सेना विंग मंडी ने प्रदूषण नियंत्रण व पॉलीथिन प्रतिबंध विषय पर पर्यावरण जागरूकता अभियान का आरंभ किया।**

हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह ने कैडेटों को हरी झंडी दिखाकर पर्यावरण जागरूकता अभियान के लिए रवाना किया। एनसीसी वायु सेना विंग मंडी के फ्लाइट कमांडर, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने जानकारी देते हुए कहा- एनसीसी के सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत मंडी शहर के पडडल कॉलोनी, शिव शंभू घाट परिसर, प्रोफेसर कॉलोनी पडडल व महाविद्यालय परिसर मे प्लास्टिक कचरे को एकत्रित कर स्वच्छता कार्यक्रम व पर्यावरण जागरूकता अभियान में भाग लिया।

इस अवसर पर पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। पर्यावरण जागरूकता रैली का नेतृत्व कैडेट वारंट ऑफिसर राजकुमार ने किया। इस अवसर पर एनसीसी वायु सेना विंग मंडी के प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रशिक्षण वर्ष के कैडेटों ने भाग लिया। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- वर्ष भर प्रत्येक महीने की 18 तारीख को एनसीसी वायु सेना विंग के कैडेट सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत, स्वच्छता अभियान, प्रदूषण नियंत्रण, पॉलीथिन प्रतिबंध, ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण व पर्यावरण जागरूकता अभियान कार्यक्रमों में अपना सहयोग व सहभागिता सुनिश्चित करते हैं।

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने कहा- फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन के नेतृत्व में एनसीसी वायु सेना विंग मंडी के कैडेटों ने सामुदायिक विकास कार्यक्रम में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। एनसीसी कैडेटों ने मंडी के ब्यास नदी के तटों से

प्लास्टिक एकत्रीकरण, मंडी के ढागंसीधार व  कांगनीधार मे पौधारोपण कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया है। प्रदूषण नियंत्रण व पॉलीथिन प्रतिबंध पर्यावरण जागरूकता अभियान में एनसीसी वायुसेना विंग  व आर्मी विंग के कैडेटों ने भाग लिया।

**9 अक्टूबर 2022**

**वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में  एनसीसी वायु सेना विंग व आर्मी विंग ने " शहीदों का सम्मान समारोह आयोजित किया ।**

समारोह की अध्यक्षता वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने की।  शहीदों को सम्मान कार्यक्रम में वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र  सहायक सेनानी ( आईटीबीपी) सुरेंद्र पाल सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शहीद के परिवार के सदस्यों को  वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी व  (भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल) आईटीबीपी कुल्लू ने सम्मानित किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने शहीद के परिवार के सदस्य एडवोकेट राकेश कुमार ठाकुर को स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने कहा- महाविद्यालय के पूर्व छात्र  सहायक सेनानी सुरेंद्र पाल सिंह ने जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों से मुठभेड़ मे मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है।

प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने कहा- भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आइटीबीपी) व  महाविद्यालय  मे कार्यरत एनसीसी वायु सेना विंग व  आर्मी विंग  प्रत्येक वर्ष संयुक्त रूप से शहीदों को श्रद्धांजलि का कार्यक्रम  आयोजित करती है।

प्राचार्य ने कहा- मातृभूमि का ऋण सबसे बड़ा ऋण है जिसको चुकाने में भारतीय सैन्य बल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह ने एनसीसी कैडेटों को संबोधित किया। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- देश की सुरक्षा सम्मान और कल्याण हमेशा सर्वप्रथम है।

महाविद्यालय से पास आउट हुए एनसीसी कैडेटों ने भारतीय सशस्त्र बलों में बतौर अधिकारी व जवान महत्वपूर्ण व सराहनीय सेवाएं दे रहे हैं। एनसीसी कैडेट एकता और अनुशासन के धेय वाक्य पर कार्य करते हुए देश के लिए अनुकरणीय उदाहरण पेश करते हैं। हिमाचल प्रदेश से संबंध रखने वाले मेजर सोमनाथ शर्मा व कैप्टन विक्रम बत्रा को अदम्य साहस व शौर्य के लिए मरणोपरांत परमवीर चक्र से नवाजा जा चुका है।

सूबेदार संजय कुमार को कारगिल के युद्ध में युद्ध कौशलता व अदम्य साहस के लिए परमवीर चक्र से नवाजा गया है। हिमाचल हिमालय के कठिन भौगोलिक क्षेत्र ने पहाड़ के युवाओं को शारीरिक व मानसिक रूप से सुदृढ़ व शक्तिशाली बनाया है। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- शहीद सुरेंद्र पाल सिंह का जन्म 19 अक्टूबर 1954 को मंडी के नजदीक तलयाड़ गांव में हुआ था। सुरेंद्र पाल सिंह गुलेरिया ने जम्मू कश्मीर के बुनागुदं क्षेत्र में आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान अद्भुत साहस अनुकरणीय धैर्य और तर्कशील नेतृत्व का परिचय देते हुए अपने दल के सदस्यों के प्राणों की रक्षा करते हुए आतंकवादियों को मार गिराया। इस ऑपरेशन में सहायक सेनानी सुरेंद्र पाल सिंह 10 नवंबर 2000 मे वीरगति को प्राप्त हुए।

इस अवसर पर आइटीबीपी कुल्लू के सब इंस्पेक्टर परमानंद व हवलदार राजूराम ने सहायक सेनानी शहीद सुरेंद्र पाल सिंह की वीरगाथा को कैडेटों से सांझा किया। इस अवसर पर एनसीसी एयर विंग कैडेट आंचल ठाकुर ने शहीदों की वीर गाथा विषय पर कविता पाठ किया। इस अवसर पर सहायक सेनानी शहीद सुरेंद्र पाल सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।

शहीद सम्मान समारोह का आयोजन वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी व भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल ( आइटीबीपी )के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।इस अवसर पर फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन, एडवोकेट राकेश कुमार ठाकुर, एडवोकेट हिमांश, सब

इंस्पेक्टर परमानंद, हवलदार राजूराम, सीनियर अंडर ऑफिसर ज्योति, कैडेट वारंट ऑफिसर राजकुमार, कैडेट थमश्वेरी सहित एनसीसी वायु सेना विंग व आर्मी विंग के 95 कैडेट विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**31 अक्टूबर 2022**

## वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती हर्षोल्लास के साथ आयोजित की गई।

**सरदार पटेल जयंती पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की अध्यक्षता वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने की।**

**प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने कहा- भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर महाविद्यालय का नाम रखा गया है। सरदार पटेल ने अखंड भारत के निर्माण में उल्लेखनीय कार्य किया है। देश में एकता व अनुशासन से ही महान उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने महाविद्यालय के शिक्षक वर्ग, गैर शिक्षक वर्ग व विद्यार्थियों को राष्ट्र की एकता अखंडता व सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलाई।**

**प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने कहा कहा :- एनसीसी एयर विंग कैडेटों व एनएसएस स्वयंसेवियों ने सुबह 7:00 से 8:00 बजे तक मंडी शहर में एकता दौड़ में भाग लिया। एनसीसी कैडेटों ने फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन के नेतृत्व में शहर में देश की एकता व अखंडता का जागरूकता संदेश दिया। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा - एनसीसी देश में एकता व अखंडता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एनसीसी देश का सैन्य वर्दी धारक सबसे युवा संगठन है। एनसीसी अपने संस्थागत प्रशिक्षण, युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम, एक भारत श्रेष्ठ भारत, खेल व साहसिक कार्यक्रमों से देश और दुनिया में एकता व अनुशासन का संदेश फैला रही हैं।**

**एनएसएस ऑफिसर डॉ ममता परमार व सहायक प्रोफेसर सूरजमणि के नेतृत्व एनएसएस स्वयंसेवियों ने एकता दौड़ ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय में स्थापित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की सहायक प्रोफेसर आदिति शर्मा डोगर, स्टाफ काउंसिल की सचिव डॉ पूनम शर्मा, वरिष्ठ प्रोफेसर सीमा बावा, प्रोफेसर भारती शर्मा, एनएसएस ऑफिसर डॉ सूरजमणी, डॉ ममता परमार सहित एनसीसी कैडेटों, एनएसएस स्वयंसेवियों व पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने माल्यार्पण किया। सरदार पटेल जयंती में महाविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया।**

## 10 नवंबर 2022

## वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में एनसीसी वायु सेना विंग आर्मी विंग, रोवर रेंजर व एनएसएस ने " शहीदों का सम्मान समारोह आयोजित किया ।

महाविद्यालय के पूर्व छात्र सहायक सेनानी सुरेंद्रपाल सिंह का शहीदी दिवस आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने की। शहीदों को सम्मान कार्यक्रम में वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र सहायक सेनानी ( आईटीबीपी) सुरेंद्र पाल सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शहीद के परिवार के सदस्यों को वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी व (भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल) आईटीबीपी कुल्लू ने सम्मानित किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने शहीद सुरेंद्र पाल सिंह की पत्नी वीणा देवी को शॉल व स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने कहा- महाविद्यालय के पूर्व छात्र सहायक सेनानी सुरेंद्र पाल सिंह ने जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों से मुठभेड़ मे मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है।

प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने कहा- भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आइटीबीपी) व महाविद्यालय मे कार्यरत एनसीसी वायु सेना विंग व आर्मी विंग प्रत्येक वर्ष संयुक्त रूप से शहीदों को श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आयोजित करती हैं। प्राचार्य ने कहा- मातृभूमि का ऋण सबसे बड़ा ऋण है जिसको चुकाने में भारतीय सैन्य बल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह ने एनसीसी कैडेटों को संबोधित किया। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- देश की सुरक्षा सम्मान और कल्याण हमेशा सर्वप्रथम है।

महाविद्यालय से पास आउट हुए एनसीसी कैडेटों ने भारतीय सशस्त्र बलों में बतौर अधिकारी व जवान महत्वपूर्ण व सराहनीय सेवाएं दे रहे हैं। एनसीसी कैडेट एकता और अनुशासन के धेय वाक्य पर कार्य करते हुए देश के लिए अनुकरणीय उदाहरण पेश करते हैं। हिमाचल प्रदेश से संबंध रखने वाले मेजर सोमनाथ शर्मा व कैप्टन विक्रम बत्रा को अदम्य साहस व शौर्य के लिए मरणोपरांत परमवीर चक्र से नवाजा जा चुका है।

सूबेदार संजय कुमार को कारगिल के युद्ध में युद्ध कौशलता व अदम्य साहस के लिए परमवीर चक्र से नवाजा गया है।

हिमाचल हिमालय के कठिन भौगोलिक क्षेत्र ने पहाड़ के युवाओं को शारीरिक व मानसिक रूप से सुदृढ़ व शक्तिशाली बनाया है।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- शहीद सुरेंद्र पाल सिंह का जन्म 19 अक्टूबर 1954 को मंडी के नजदीक तलयाड़ गांव में हुआ था। सुरेंद्र पाल सिंह गुलेरिया ने जम्मू कश्मीर के बुनागुदं क्षेत्र में आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान अद्भुत साहस अनुकरणीय धैर्य और तर्कशील नेतृत्व का परिचय देते हुए अपने दल के सदस्यों के प्राणों की रक्षा करते हुए आतंकवादियों को मार गिराया। इस ऑपरेशन में सहायक सेनानी सुरेंद्र पाल सिंह 10 नवंबर 2000 मे वीरगति को प्राप्त हुए।

इस अवसर पर आइटीबीपी कुल्लू के सब इंस्पेक्टर परमानंद सिपाही मनोज कुमार ने सहायक सेनानी शहीद सुरेंद्र पाल सिंह की वीरगाथा को कैडेटों से सांझा किया। इस अवसर पर एनसीसी एयर विंग कैडेट आंचल ठाकुर ने शहीदों की वीर गाथा, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थी नीरज सोलंकी ने आजादी का दीवाना भगत सिंह व रूप सिंह ने शहीदों की शहादत विषय पर कविता पाठ व विचार सांझा किए।

इस अवसर पर सहायक सेनानी शहीद सुरेंद्र पाल सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की सहायक प्रोफेसर अदिति शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। एनसीसी एयर विंग की कैडेट आंचल ने बखूबी मंच संचालन किया।

शहीद सम्मान समारोह का आयोजन वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी व भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल ( आइटीबीपी )के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।इस अवसर पर सहायक सेनानी शहीद सुरेंद्र पाल सिंह की पत्नी बीना देवी, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह, सहायक प्रोफेसर अदिति शर्मा, एडवोकेट राकेश कुमार ठाकुर, एडवोकेट हिमांश, आशा देवी, सब इंस्पेक्टर परमानंद, सिपाही मनोज कुमार, सीनियर अंडर ऑफिसर पंकज कुमार, नीरज सोलंकी, रूप सिंह सहित एनसीसी वायु सेना विंग व आर्मी विंग के 96 कैडेट, रोवर रेंजर व एनएसएस स्वयंसेवी विशेष रूप से उपस्थित रहे।




**शहीदों का सम्मान समारोह**



**शहीदों का सम्मान समारोह**

**दिनांक 16 नवंबर 2022**

**वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस आयोजित किया।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर संगोष्ठी, भाषण, कविता पाठ, चित्र लेखन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की अध्यक्षता महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्या प्रोफेसर सीमा बावा ने की। प्रोफेसर सीमा बाबा ने कहा- महाविद्यालय से पढ़ें विद्यार्थी देश और दुनिया में पत्रकारिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। लोकतंत्र को अक्षुण्ण बनाए रखने में मीडिया कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। फेक न्यूज़ समाज के लिए के लिए गंभीर खतरा है।

इस अवसर पर पत्रकारिता के आधार स्तंभ भारत रत्न डॉ बीआर अंबेडकर एक पत्रकार, लेखक व संपादक : मूकनायक से प्रबुद्ध भारत विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह ने बतौर बीज वक्ता भाग लिया।

प्रोफेसर डॉ चमन ने कहा- मीडिया सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक प्रदूषण को छानने का सशक्त माध्यम है। दुनिया को सूचित, शिक्षित व मनोरंजन करने में मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत रत्न डॉ बीआर अंबेडकर ने कहा- किसी भी आंदोलन को सफल बनाने के लिए अखबार की आवश्यकता होती है। अगर आंदोलन का कोई अखबार नहीं है तो उस आंदोलन की हालत पंख टूटे हुए पंछी की तरह होती है।

इस अवसर पर प्रोफेसर चमन ने डॉ बी आर अंबेडकर द्वारा संपादित मूकनायक, जनता, बहिष्कृत भारत, समता व प्रबुद्ध भारत समाचार पत्रों की पत्रकारिता में महत्वपूर्ण योगदान विषय पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ बी आर अंबेडकर की उत्कृष्ट पत्रकारिता देश व दुनिया के पत्रकारों का मार्गदर्शन करती है। दुनिया के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय डॉ आंबेडकर की पत्रकारिता पर शोध व अनुसंधान कार्य कर रहे हैं। साहित्यकार व विचारक गंगाधरपानतावने ने भारत में पहली बार अंबेडकर की पत्रकारिता पर 1987 में पीएचडी के लिए शोध प्रबंध लिखा है। डॉ चमन ने कहा- मूकनायक ने बहिष्कृत भारत के लोगों को प्रबुद्ध भारत में लाया।

बहिष्कृत भारत के एक संपादकीय में डॉ बी आर अंबेडकर ने लिखा कि यदि बाल गंगाधर तिलक अछूतों के बीच में पैदा होते तो यह नारा नहीं लगाते कि "स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है" बल्कि वह कहते कि छुआछूत का उन्मूलन मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है।"

डॉ बी आर अंबेडकर ने आर्थिक अभावों के बावजूद दुनिया में पत्रकारिता की एक मिसाल पेश की है। डॉ बी आर अंबेडकर मराठी, अंग्रेजी, हिंदी, पाली, संस्कृत, गुजराती, जर्मनी, फारसी, फ्रेंच, कन्नड़ व बंगाली सहित दुनिया की 11 भाषाओं के ज्ञाता थे। डॉ बी आर अंबेडकर असामान्य प्रतिभा के धनी थे। उनकी पत्रकारिता में दूर दृष्टि और अपने समय के आगे की सोच की झलक मिलती है। डॉ बी आर अंबेडकर के शोध ग्रंथ, पत्रकारिता, पुस्तकें, शोध पत्र भारत सहित पुरे विश्व में बहुत पढ़े जाते हैं। नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन व प्रोफेसर जयानदरे डॉ बी आर अंबेडकर की साहित्यिक रचनाओं से बहुत प्रभावित थे। डॉक्टर बी आर अंबेडकर के डीएससी शोध प्रबंध द प्रॉब्लम ऑफ रुपीस से भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना संभव हो सकी।

डॉक्टर बी आर अंबेडकर ने अपने जीवन में पांच महत्वपूर्ण अखबार, 50 के लगभग किताबें, सैकड़ों शोध पत्र, अनुसंधान दस्तावेज, लेख, पुस्तकों की समीक्षा, ज्ञापन, साक्ष्य, वक्तव्य देकर पूरी दुनिया को अपने ज्ञान और मेधा शक्ति से लाभान्वित किया है। डॉ बी आर अंबेडकर के जीवन पर कई फिल्मों और धारावाहिकों का निर्माण हो चुका है।

भारतीय जनमानस और दुनिया की मानवता के लिए डॉ बी आर अंबेडकर की पत्रकारिता एक उदाहरण है। दुनिया के वंचित, शोषित, मूक लोगों की आवाज बनकर डॉक्टर बी आर अंबेडकर मूकनायक बने। भारतीय संविधान की रचना कर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को डॉ बी आर अंबेडकर का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत का आम इंसान भारत के लोकतंत्र में अपना योगदान दे रहा है।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने प्रश्नोत्तरी , भाषण , चित्र लेखन व कविता पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रबुद्ध भारत की टीम में शामिल पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से थमेश्वरी व प्रीति ने प्रथम स्थान अर्जित किया।

समता टीम में शामिल रोवर रेंजर से परीक्षित व कामाक्षी ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। जनता टीम में शामिल एनसीसी एयर विंग के कैडेट ईशान व कैडेट वसुंधरा ने तृतीय स्थान अर्जित किया। भाषण प्रतिस्पर्धा में रूप सिंह ने प्रथम स्थान, कैडेट प्रणय ने द्वितीय स्थान व ट्विंकल ने तृतीय स्थान अर्जित किया।

कविता पाठ में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्र नीरज सोलंकी ने प्रथम स्थान, नीलम ने द्वितीय स्थान व रितिका ने तृतीय स्थान अर्जित किया। चित्र लेखन प्रतिस्पर्धा में एनसीसी कैडेट् ईशानी ने प्रथम स्थान, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की छात्रा करिश्मा ने द्वितीय स्थान व प्रीति ने तृतीय स्थान अर्जित किया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल में हिंदी विभाग से प्रोफेसर डॉ दायक राम, शिक्षा विभाग से डॉ सुमन भारद्वाज व इतिहास विभाग से डॉ महेंद्र जम्मवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थी नीरज सोलंकी व पंकज कुमार ने बखूबी मंच संचालन व क्विज मास्टर की भूमिका निभाई। संगीत विभाग से प्रियंका ने शानदार नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।

इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग**, एनसीसी एयर विंग,** रोवर व रेंजर्स, एनएसएस युनिटो सहित वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया।इस अवसर पर वरिष्ठ प्रोफेसर सीमा बावा, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन, डॉ दायक, डॉ महेंद्र जम्मवाल, डॉ सुमन भारद्वाज व कुशल शर्मा किस रूप से उपस्थित रहे।




राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस 2022

**17 नवंबर 2022**

**वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस आयोजित किया गया।**

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने " पत्रकारिता में मीडिया कानूनों व नैतिकता की प्रासंगिकता" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। प्राचार्य ने कहा- पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। पत्रकारिता में शब्दों की शक्ति असीमित है। सकारात्मक सोच, सकारात्मक शब्द समाज में सकारात्मकता लाते हैं।

द ट्रिब्यून के वरिष्ठ संवाददाता दीपेंद्र मांटा ने " पत्रकारिता में मीडिया कानूनों की प्रासंगिकता" विषय पर विस्तृत जानकारी दी। मीडिया लोकतंत्र में खामोश लोगों की आवाज है। जन कल्याण के लिए ताकतवर शक्तियों से प्रश्न करना निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता की पहचान है। आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी के युग में वैकल्पिक मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस अवसर पर अंग्रेजी पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने वरिष्ठ संवाददाता दीपेंद्र मांटा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष **फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन** को पत्रकारिता प्रशिक्षण पर्यावरण व एनसीसी प्रशिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अनुशंसा पत्र स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- मनुष्य के सर्वांगीण विकास में मौखिक व अमौखिक संचार की महत्वपूर्ण भूमिका है।

प्रोफेसर डॉ चमन ने कहा- मीडिया सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक प्रदूषण को छानने का सशक्त माध्यम है।

दुनिया को सूचित, शिक्षित व मनोरंजन करने में मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

भारत रत्न डॉ बीआर अंबेडकर ने कहा- किसी भी आंदोलन को सफल बनाने के लिए अखबार की आवश्यकता होती है। अगर आंदोलन का कोई अखबार नहीं है तो उस आंदोलन की हालत पंख टूटे हुए पंछी की तरह होती है।

इस अवसर पर प्रोफेसर चमन ने डॉ बी आर अंबेडकर द्वारा संपादित मूकनायक, जनता, बहिष्कृत भारत, समता व प्रबुद्ध भारत समाचार पत्रों की पत्रकारिता में महत्वपूर्ण योगदान विषय पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ बी आर अंबेडकर की उत्कृष्ट पत्रकारिता देश व दुनिया के पत्रकारों का मार्गदर्शन करती है।

डॉ चमन ने कहा- मूकनायक डॉ बी आर अंबेडकर ने बहिष्कृत भारत के लोगों को प्रबुद्ध भारत में लाने की क्रांतिकारी भूमिका निभाई है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ चमन ने कहा:-डॉ बी आर अंबेडकर ने आर्थिक अभावों के बावजूद दुनिया में पत्रकारिता की एक मिसाल पेश की है। डॉ बी आर अंबेडकर मराठी, अंग्रेजी, हिंदी, पाली, संस्कृत, गुजराती, जर्मनी, फारसी, फ्रेंच, कन्नड़ व बंगाली सहित दुनिया की 11 भाषाओं के ज्ञाता थे। डॉ बी आर अंबेडकर असामान्य प्रतिभा के धनी थे। उनकी पत्रकारिता में दूर दृष्टि और अपने समय के आगे की सोच की झलक मिलती है।

डॉ बी आर अंबेडकर के शोध ग्रंथ, पत्रकारिता, पुस्तकें, शोध पत्र भारत सहित पुरे विश्व में बहुत पढ़े जाते हैं। नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन व प्रोफेसर जयानदरे डॉ बी आर अंबेडकर की साहित्यिक रचनाओं से बहुत प्रभावित थे।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष रह चुके प्रोफेसर वेपा राव ( सेवानिवृत्त) को श्रद्धांजलि दी गई। प्रोफ़ेसर चमन ने भारतीय पत्रकारिता में प्रोफेसर वेपा राव के उल्लेखनीय योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर देश व दुनिया में पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान व शहादत पाने वाले पत्रकारों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस पर प्रश्नोत्तरी, भाषण, कविता पाठ व चित्र लेखन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि डॉ वाई पी शर्मा ने स्मृति चिन्ह व मेडल देकर सम्मानित किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रबुद्ध भारत की टीम में शामिल पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से थमेश्वरी व प्रीति द्वारा प्रथम स्थान अर्जित करने पर स्वर्ण पदक प्रदान किए गए।

समता टीम में शामिल रोवर रेंजर से परीक्षित व कामाक्षी ने द्वितीय स्थान अर्जित करने पर सिल्वर मेडल प्रदान किए गए।

जनता टीम में शामिल एनसीसी एयर विंग के कैडेट ईशान व कैडेट वसुंधरा द्वारा तृतीय स्थान अर्जित करने पर ब्रोंज मेडल प्रदान किए गए। भाषण प्रतिस्पर्धा में रूप सिंह ने प्रथम स्थान, कैडेट प्रणय ने द्वितीय स्थान व ट्विंकल द्वारा तृतीय स्थान अर्जित करने पर स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कविता पाठ में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्र नीरज सोलंकी ने प्रथम स्थान, नीलम ने द्वितीय स्थान व रितिका द्वारा तृतीय स्थान अर्जित करने पर ट्रॉफी प्रदान की गई।

चित्र लेखन प्रतिस्पर्धा में एनसीसी कैडेट ईशानी ने प्रथम स्थान, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की छात्रा करिश्मा ने द्वितीय स्थान व प्रीति द्वारा तृतीय स्थान अर्जित करने पर ट्रॉफी प्रदान की गई।

इस अवसर वरिष्ठ प्रोफेसर सीमा बावा, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ चमन, डॉ पूनम शर्मा, प्रोफेसर डॉ दायक राम, डॉ सुमन भारद्वाज , डॉ महेंद्र जम्मवाल, डॉ सुनील सेन, प्रोफेसर मेहर चंद, प्रोफेसर कुशल शर्मा, नीरज सोलंकी, पंकज कुमार, थमेनश्वरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, एनसीसी एयर विंग, रोवर व रेंजर्स, एनएसएस युनिटो सहित वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# वल्लभ कालेज में नवाजे विजेता प्रतिभागी

मंडी, 17 नवम्बर (रजनीश): वल्लभ कालेज मंडी में 2 दिवसीय राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस कार्यक्रम वीरवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि कालेज प्रिंसीपल डा. वाई.पी. शर्मा व विशेष अतिथि के रूप में दीपेंद्र मांटा उपस्थित रहे। इस 2 दिवसीय राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

दीपेंद्र मांटा ने पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों के साथ अपने विचार सांझा किए। वल्लभ कालेज के प्राचार्य डा. वाई.पी. शर्मा ने कहा कि 2 दिवसीय कार्यक्रम में पत्रकारिता विषय पर चर्चा की गई।

**दिनांक 23 नवंबर 2022**

**भारतीय वायुसेना डिजिटल पब्लिसिटी अभियान के अंतर्गत अग्निवीर वायु भर्ती विषय पर वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के विद्यार्थियों के लिए जूम मीटिंग आयोजित की गई।**

महाविद्यालय सम्मेलन कक्ष में हिमाचल एयर स्क्वाड्रन एनसीसी के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने बैठक की अध्यक्षता की। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने जानकारी देते हुए कहा- जूम मीटिंग प्लेटफार्म पर एयर फोर्स अंबाला कैंट के 1 एएससी के कमांडिंग ऑफिसर आशीष दुबे ने एनसीसी एयरविंग कैडेटों व महाविद्यालय के विद्यार्थियों को अग्निवीर वायु की भर्ती प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी। भारतीय वायुसेना के अधिकारियों ने अग्नि वीर वायु भर्ती के मापदंड, पाठ्यक्रम व चयन प्रक्रिया से अवगत करवाया।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- रेजिमेंटल वे ऑफ लाइफ युवाओं में अनुशासन व जीवन का अनुभव बढ़ाता है। एनसीसी का प्रशिक्षण युवाओं में चरित्र निर्माण, देश भक्ति, एकता व अनुशासन, व बेहतरीन नागरिक तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने कहा- कार्यक्रम का आयोजन वायुसेना अंबाला कैंट व एनसीसी एयरविंग मंडी के तत्वावधान में किया गया। एनसीसी एयर विंग मंडी के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन की कमांड में संस्थागत प्रशिक्षण, सामुदायिक विकास कार्यक्रम, युवा आदान प्रदान कार्यक्रम व साहसिक खेलो में सराहनीय कार्य किए हैं। युवा आदान प्रदान कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनसीसी एयरविंग के कैडेट रुस, बंग्लादेश, कजाकिस्तान व वियतनाम में देश का प्रतिनिधित्व

का चुके हैं। एनसीसी प्रशिक्षण के बाद कई एनसीसी कैडेट भारतीय वायुसेना व स्थल सेना में बतौर अधिकारी, जूनियर कमीशन ऑफिसर व जवान अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर एनसीसी एयर विंग के 52 कैडेटों ने भाग लिया।

**दिनांक 26 नवम्बर 2022**

**वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में राष्ट्रीय संविधान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।**

"राष्ट्र निर्माण में संविधान निर्माता डॉ बी आर अंबेडकर के योगदान" पर सेमिनार, संविधान दिवस डॉक्यूमेंट्री, भाषण, कविता पाठ, पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने राष्ट्रीय संविधान दिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की अध्यक्षता की। प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने कहा- भारतीय उपमहाद्वीप को लोकतंत्र बनाने में भारत रत्न डॉ बी आर अंबेडकर द्वारा रचित भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारतीय संविधान की मूल भावना भारतीय संविधान की प्रस्तावना में निहित है।

भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष व लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए डॉ बी आर अंबेडकर के योगदान को संपूर्ण दुनिया एक मिसाल के तौर पर देखती है। इस अवसर पर प्राचार्य ने एनसीसी एयरविंग, आर्मी विंग, एनएसएस व पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। राजनीति शास्त्र के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ दायक राम ठाकुर ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना पर विस्तृत व्याख्यान दिया। डॉ दायक राम ठाकुर ने कहा- संविधान निर्माता डॉ बी आर अंबेडकर द्वारा रचित संविधान भारत के लोगों को सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक न्याय की वकालत करता है।

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- भारत का संविधान देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। भारत का संविधान भाषण व स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति, विश्वास और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समानता प्राप्त करने का मानवतावादी दस्तावेज है। डॉ अंबेडकर को भारत के संविधान के पिता के रूप में मान्यता प्राप्त है। अंबेडकर ने महिलाओं के लिए व्यापक आर्थिक और सामाजिक अधिकारों के लिए तर्क दिया। उन्होंने कहा मैं किसी समाज की उन्नति को महिलाओं की उन्नति से मापता हूं।

संविधान निर्माण के कार्य में डॉ अंबेडकर की प्रखर मेधा शक्ति, मेहनत व जज्बे के कारण 2 साल 11 महीने 18 दिन में संविधान बनकर तैयार हुआ। भारत के वाणिज्य मंत्री रह चुके टीटी कृष्णमाचारी ने संविधान सभा को संबोधित करते हुए कहा:

" मसौदा समिति के 7 सदस्यों मे से एक सदस्य की मृत्यु हो गई, एक सदस्य अमेरिका में थे, एक अन्य सदस्य राज्य के मामलों में व्यस्त थे, दो लोग स्वास्थ्य कारणों से दिल्ली से बहुत दूर थे। संविधान का मसौदा तैयार करने का सारा भार मसौदा समिति के अध्यक्ष डॉ बी आर अंबेडकर पर पड़ा। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का सबसे लंबा व बड़ा संविधान तैयार करने मे डॉ अंबेडकर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संपूर्ण राष्ट्र उनका आभारी है।" डॉ अंबेडकर ने संविधान सभा को संबोधित करते हुए कहा- " भारतीय संविधान लचीला है और साथ ही इतना मजबूत भी है कि देश को शांति और युद्ध दोनों में जोड़ कर रख सकता है।

इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन व सहायक प्रोफेसर अतिथि शर्मा ने वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा को भारतीय संविधान की प्रस्तावना की प्रति प्रदान की।

संविधान दिवस पर आयोजित भाषण प्रतिस्पर्धा में नेहा ने प्रथम स्थान। एनसीसी कैडट ट्विंकल ने द्वितीय स्थान व कैडेट थमेश्वरी ने तृतीय स्थान अर्जित किया।

चित्र लेखन में एनसीसी एयर विंग की कैडेट तनवी ठाकुर ने प्रथम स्थान, पल्लवी ने द्‌वितीय स्थान व कैडेट ज्योति व कैडट पलवी ने सामूहिक रूप से तृतीय स्थान अर्जित किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में एयरविंग के कैडेट राहुल ने प्रथम स्थान, आर्मी विंग की कैडेट्‌ ईशानी ने द्‌वितीय स्थान व एनसीसी एयर विंग की कैडेट तनु ने तृतीय स्थान अर्जित किया।

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की सहायक प्रोफेसर आदित्य शर्मा ने संविधान दिवस पर "स्वागत भाषण प्रस्तुत किया" । पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्र नीरज सोलंकी ने संविधान दिवस पर डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुत की। इस अवसर पर वल्लभ राजकीय महाविद्‌यालय में भारत रत्न डॉक्टर बी आर अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किए गए।

निर्णायक मंडल में सहायक प्रोफेसर डॉ महेंद्र सिंह जमवाल, सहायक प्रोफेसर आदित्य शर्मा व सहायक प्रोफेसर मेहर चंद शामिल रहे। एन एस एस ऑफिसर डॉ ममता परमार ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ दायक राम ठाकुर, प्रोफेसर विवेक कपूर, मेजर डॉ चेतन सिंह राणा, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन, सहायक प्रोफेसर अदिति शर्मा, सहायक प्रोफेसर मेहिंद्र, सहायक प्रोफेसर मेहर, एनएसएस ऑफिसर प्रोफेसर सूरजमणी, डॉ ममता परमार सहित एनसीसी एयर विंग, आर्मी विंग, एनएसएस व पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग व महाविद्‌यालय की सैकड़ों विद्‌यार्थियों ने भाग लिया।

**दिनांक 27 नवंबर 2022**

**वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन एस एस) द्वारा साप्ताहिक शिविर का आयोजन किया गया है। एन एस एस के सप्ताहिक शिविर में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने बतौर विषय विशेषज्ञ भाग लिया।**

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने "राष्ट्रीय एकता, चुनौतियां व समाधान" विषय पर युवाओं को संबोधित किया।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा:- विविधता में एकता व अखंडता को बनाए रखने में भारतीय संविधान व युवाओं की देशभक्ति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भारतीय सैन्य इतिहास पंथनिरपेक्षता व वीरता का इतिहास है।

भारत की एकता और अखंडता के लिए संप्रदायिकता, जातिवाद, सामाजिक असमानता, आर्थिक असमानता, भाषावाद, क्षेत्रवाद व आतंकवाद गंभीर चुनौतियां है। फ्लाइंग ऑफिसर डॉक्टर चमन ने कहा- देश व दुनिया के लोगों का धर्म, जाति, क्षेत्र, भाषा, भौगोलिक क्षेत्र व रंग अलग हो सकते हैं, लेकिन सभी मनुष्य एक ही मानव जाति है। सभी सभ्यताओं और संस्कृतियों का उदगम आदिमानव से ही आधुनिक मानव बनने की जीवन यात्रा हैं।

राष्ट्रीय एकता अखंडता को बनाए रखने में भारतीय संविधान की प्रस्तावना में नियत मूल्य सदैव मार्गदर्शन करते हैं। समावेशित विकास, शिक्षा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, धार्मिक सहनशीलता व देश प्रेम की भावना राष्ट्रीय एकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने गुरु नानक देव जी द्वारा प्रारंभ की गई लंगर प्रथा व सशस्त्र सेनाओं में मैस की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा:- लंगर, मैस सिस्टम व प्रीतिभोज धर्म जाति क्षेत्र भाषा व संप्रदाय से ऊपर उठकर मानवीय एकता का संदेश देते हैं। जिस देश के मनुष्य इकट्ठा बैठकर भोजन नहीं कर सकते, उस देश को चुनौतियों का मुकाबला करने में टीम स्पिरिट का अभाव देखने को मिलता है। राष्ट्रीय कैडेट कोर व राष्ट्रीय सेवा योजना देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ ममता परमार व सहायक प्रोफेसर सूरजमणि ने फ्लाइंग ऑफिसर डॉक्टर चमन को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

इस अवसर पर एनसीसी वायु सेना विंग से सीनियर अंडर ऑफिसर पंकज कुमार, कैडेट वारंट ऑफीसर राजकुमार सहित एनएसएस इकाई के सैकड़ों स्वयंसेवियों ने भाग लिया।





**एन एस एस के सप्ताहिक शिविर में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने बतौर विषय विशेषज्ञ भाग लिया।**

**28 नवंबर 2022,**

**राष्ट्रीय कैडेट कोर् (एनसीसी) राईजिंग डे पर सप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित कर रही है।** राष्ट्रीय कैडेट कोर राइजिंग डे के अवसर पर एनसीसी वायु सेना विंग मंडी व आर्मी विंग की यूनिटें रक्तदान, खेल प्रतिस्पर्धाओं, चित्र लेखन, वाद विवाद, भाषण, कविता पाठ, ड्रिल व सामुदायिक विकास कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने एनसीसी वायु सेना विंग व एनसीसी आर्मी विंग की यूनिटों को सामुदायिक विकास कार्यक्रम के लिए हरी झंडी दिखाकर मंडी शहर के लिए रवाना किया। प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने कहा- महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों ने राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड, वायु सेना कैंप व युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में देश व दुनिया में महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन की कमांड में सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत मंडी शहर के पडडल वार्ड, पंचवक्त्र परिसर, शिव शंभू घाट, महाविद्यालय परिसर व प्रोफेसर कॉलोनी पडडल में पर्यावरण जागरूकता रैली व स्वच्छता अभियान में एनसीसी वायु सेना विंग व आर्मी विंग के कैडेटों ने भाग लिया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेटों ने महाविद्यालय परिसर, प्रोफेसर कॉलोनी परिसर में गुलाब के सैकड़ों पौधों को रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने जानकारी देते हुए कहा- देश के युवाओं में एकता अनुशासन, चरित्र, नेतृत्व के गुण, उत्कृष्ट नागरिक बनाने व देशभक्ति का जज्बा पैदा करने के लिए 1948 में एनसीसी की स्थापना की गई थी। एनसीसी "सी" प्रमाण पत्र धारक कैडेटों को भारतीय सशस्त्र बलों में नियुक्ति हेतु विशेष रियायतें दी जाती हैं।

एनसीसी प्रशिक्षण युवाओं को एक बेहतरीन इंसान बनाने व सैन्य अधिकारी बनाने में मदद करता है। राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा आयोजित शिविर देश के युवाओं में अनुशासन व विविधता में एकता की मिसाल है। एनसीसी प्रशिक्षण में संस्थागत प्रशिक्षण, युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम, सामुदायिक विकास कार्यक्रम व साहसिक खेलों को शामिल किया गया है।

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के एनसीसी कैडेट युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में रूस, बांग्लादेश, कजाकिस्तान व वियतनाम में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। यह प्रदेश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है।

एनसीसी राईजिंग डे पर एनसीसी एयर विंग मंडी के कैडेटों ने हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन के बैनर तले कुल्लू हॉस्पिटल में रक्तदान किया। रक्तदान करने मे कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर पंकज कुमार, कैडेट वारंट ऑफिसर राजकुमार, कैडेट मोहित, कैडेट मुकुल, कैडेट ईशान, कैडेट वरुण, कैडेट अंकुश, कैडेट रोहित व कैडेट प्रोमिला शामिल रहे।

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में आयोजित एनसीसी राइजिंग डे के कार्यक्रमों में एनसीसी आर्मी विंग के कंपनी कमांडर मेजर चेतन सिंह राणा, एनसीसी वायु सेना विंग मंडी के फ्लाइट कमांडर, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह, वरिष्ठ प्रोफेसर सीमा बावा, प्रोफेसर मुक्ता वैद्य, प्रोफेसर बंदना, प्रोफेसर पूनम शर्मा, ऑफिसर अनिता ठाकुर कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर पंकज कुमार, कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर ज्योति सहित एनसीसी एयर विंग व एनसीसी आर्मी विंग की यूनिटों ने भाग लिया।

**दिनांक 2  5 दिसंबर 2022**

## फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने  हिमाचल की राजधानी शिमला में डिजिटल इंडिया: अवधारणा व   प्रभाव विषय पर आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी में  शोध पत्र प्रस्तुत किया

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने  हिमाचल की राजधानी शिमला में डिजिटल इंडिया: अवधारणा व   प्रभाव विषय पर आधारित  राष्ट्रीय संगोष्ठी में  शोध पत्र प्रस्तुत किया।डॉ चमन ने " डिजिटल दुनिया में दलित पत्रकारिता: मीडिया विमर्श"  विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष  डॉ चमन ने कहा-मुख्यधारा के मीडिया में दलित वंचित वर्गों की आवाजें  नदारद हैं।  सोशल मीडिया व डिजिटल मीडिया के आगमन से  मुक दुनिया को अपनी आवाज  व अपने सवाल बुलंद करने का अवसर मिला है।   डॉ चमन ने कहा: शाइनिंग इंडिया व सफरिंग इंडिया के अंतर को कम करने में  डिजिटल इंडिया  महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

मुख्यधारा का मीडिया जब तक वंचित समूहों को स्वर नहीं देगा,  और स्वर देने वाले लोग भी पर्याप्त संख्या में  वंचित वर्ग से नहीं होंगे, तब तक दलित बहुजन- मीडिया की गुंजाइश बनी रहेगी। भारत रत्न डॉ बी आर अंबेडकर ने कहा था:- किसी भी आंदोलन को सफल बनाने के लिए अखबार की आवश्यकता होती है। अगर आंदोलन का कोई अखबार नहीं है तो उस आंदोलन की हालत पंख टूटे हुए पंछी की तरह होती हैं।

डॉ बी आर अंबेडकर ने सामाजिक क्रांति  व वंचित वर्गों की मुक आवाज के लिए  मूकनायक, बहिष्कृत भारत, जनता, समता व  प्रबुद्ध भारत समाचार पत्रों को  प्रारंभ किया।   डॉ बी आर अंबेडकर इस बात से भलीभांति वाकिफ थे कि जनमत निर्माण में अखबारों और पत्रिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। डॉ चमन ने कहा- भारत में दलित बहुजन साहित्य की एक धारा हमेशा मौजूद रही है।  दलित साहित्य का स्रोत कबीर,

रैदास, ज्योतिबा राव फुले, सावित्रीबाई फुले, ई वी रामास्वामी पेरियार व डॉ बी आर अंबेडकर रहे हैं। दलित वंचित वर्गों की यह धारा मुख्यधारा के साहित्य के समानांतर उसे चुनौती देती हुई चलती है।

वर्तमान समय में दलित साहित्य के प्रकाशकों और वितरकों का एक विशाल नेटवर्क देश के उत्तर और मध्य भारत में मराठी हिंदी और पंजाबी में काफी समृद्ध है । लेकिन जहां तक परंपरागत जनसंचार माध्यम जैसे अखबार या टीवी चैनल की बात हो तो उसमें दलितों का दखल ना के बराबर रहा है। क्योंकि इसके लिए जिस विशाल अर्थ तंत्र की जरूरत है उसका दलितों व वंचित वर्गों में अभाव है। डिजिटल मीडिया के दौर ने धन की समस्या को एक हद तक हल कर दिया है। एक स्मार्टफोन, ट्राइपॉड, आमतौर पर मुफ्त में मिलने वाले एडिटिंग एप और डाटा पैक के साथ ऑडियो-वीडियो कंटेंट तैयार करना मुमकिन हो गया है।

इस वजह से मुख्यधारा की मीडिया में में अपनी आवाज ना होने से परेशान युवाओं ने अपने वीडियो चैनल खोल दिए है। नेशनल दस्तक, अंबेडकर नामा, बहुजन टीवी, नेशनल इंडिया न्यूज़ इंडिया ने भारत की वॉइसलेस लोगों की वॉइस बनने में मदद की है। राष्ट्रीय संगोष्ठी में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ चमन के शोध पत्र की सराहना की गई। हिमाचल प्रदेश की भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग का अतिरिक्त प्रभार संभालने वाले वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी राकेश कंवर ने डॉ चमन को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

वरिष्ठ पत्रकार व सत्र के बीज वक्ता अश्विनी शर्मा ने डॉ चमन के शोध पत्र की सराहना करते हुए कहा- डिजिटल दुनिया में दलित पत्रकारिता का महत्व बढ़ा है।डिजिटल इंडिया पर आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन उत्कृष्ट केंद्र संजौली महाविद्यालय शिमला में 23 दिसंबर 2022 से 24 दिसंबर 2022 तक किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च व उत्कृष्ट केंद्र महाविद्यालय संजौली शिमला के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

इस अवसर पर पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति रहे चुके व शलूनी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पी के खौशला, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के शिमला के वरिष्ठ प्रोफेसर पी के अहलूवालिया ( सेवानिवृत्त), उत्कृष्ट केंद्र संजौली महाविद्यालय शिमला के प्राचार्य

प्रोफेसर सी बी मेहता, राष्ट्रीय सेमिनार के संयोजक डॉ ध्यान सिंह, सेमिनार के आयोजन सचिव डॉ राम लाल शर्मा, वरिष्ठ प्रोफेसर तुलसी रमन, सहित देशभर से आए हुए प्रतिभागियों ने भाग लिया।

Dr. Chaman, the Head of the Department of Journalism and Mass Communication at Vallabh Government College, Mandi, and also a Flying Officer, presented a research paper at the National Seminar in Shimla, Himachal Pradesh. The paper was centered on the theme of "Digital India: Concept and Impact," with a specific focus on the topic "Dalit Journalism in the Digital World: Media Discourse."

Expressing concern, Dr. Chaman, in his role as the Department Head, highlighted the frequent neglect of the voices of Dalits and marginalized communities in mainstream media. He pointed out that the emergence of social media and digital platforms has provided a global platform for these communities to amplify their voices and pose questions.

Dr. Chaman emphasized the pivotal role of Digital India in bridging the gap between the prosperous and suffering facets of the nation. He underscored the persistent challenge of achieving Dalit-Bahujan media representation until mainstream media actively includes and adequately represents these marginalized voices.

In alignment with the words of Bharat Ratna Dr. B. R. Ambedkar, Dr. Chaman stressed the indispensability of newspapers in the success of any movement. Quoting Dr. Ambedkar, he stated, "For any movement to succeed, a newspaper is essential. Without a newspaper, a movement is akin to a bird with broken wings."

Dr. B. R. Ambedkar initiated several newspapers and periodicals such as "Mooknayak," "Bahishkrit Bharat," "Janata," "Samata," and "Prabuddh Bharat" to give a voice to social revolution and the muted voices of marginalized groups. Dr. Ambedkar was well aware of the crucial contribution of newspapers and periodicals in nation-building.

Dr. Chaman remarked, "In India, there has always been a stream of Dalit-Bahujan literature. The sources of Dalit literature include figures like Kabir, Raidas, Jyotiba Rao Phule, Savitribai Phule, E. V. Ramaswami Periyar, and Dr. B. R. Ambedkar. This stream, representing Dalit and marginalized communities, runs parallel to mainstream literature, challenging it."

In the present era, there exists a vast network of publishers and distributors for Dalit literature, flourishing in Marathi, Hindi, and Punjabi languages in northern and central India. However, traditional media channels such as newspapers or TV channels have failed to adequately include the voices of Dalits. This is due to the absence of a comprehensive economic system that lacks representation from Dalits and marginalized

groups. The advent of digital media has partially addressed the financial challenges by making it possible to create audio-visual content with readily available smartphones, tripods, free editing apps, and data packs.

As a result, frustrated with the lack of representation in mainstream media, young individuals have started their own video channels. Platforms like National Dastak, Ambedkar Nama, Bahujan TV, and National India News have played a significant role in helping the voiceless people of India find their voice.

**दिनांक 3-1-2023**

## फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह ने रिवालसर के यूनिटी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के दो दिवसीय वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दूसरे दिन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष व एनसीसी भारतीय वायु सेना विंग मंडी के फ्लाइट कमांडर, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह ने रिवालसर के यूनिटी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के दो दिवसीय वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दूसरे दिन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ  चमन ने यूनिटी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सैकड़ों विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा-- एकता व अनुशासन से देश में सर्वश्रेष्ठ नागरिक व  भविष्य के नेता तैयार होंगे। समाज का उत्थान समाज में शिक्षा की प्रगति पर निर्भर करता है। ज्ञान मानव जीवन का आधार है। देश व दुनिया में रिवालसर बौद्ध, हिंदू व  सिख धर्म की त्रिवेणी के रूप में जाना जाता है। रिवालसर  नालंदा विश्वविद्यालय के आचार्य रिंपोंचे पदम संभव, लोमस ऋषि व गुरु गोविंद सिंह  की तपोस्थली व कर्मभूमि रही है। रिवालसर पूरी दुनिया को मानवता, भाईचारे, शांति, करुणा, सत्य, अहिंसा, त्याग  व वीरता का संदेश देता है।

रिंपोंचे पदम संभव व उनकी शिष्या राजकुमारी मंधरवा ने अपने जीवन का शिक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान  देकर पूरी दुनिया को शिक्षा के महत्व से अवगत करवाया।  शिक्षा का उद्देश्य नागरिकों को नैतिक और सामाजिक बनाना है।  शिक्षा एक पवित्र संस्था है। स्कूल में मन सुसंस्कृत होते हैं। सभ्य नागरिक बनाने के लिए स्कूल एक पवित्र क्षेत्र है।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉक्टर चमन ने  कहा- भारत रत्न डॉ बीआर अंबेडकर का संपूर्ण जीवन अध्ययन और शिक्षा के लिए समर्पित रहा है।  डॉक्टर अंबेडकर ने कहा था- शिक्षा उस शेरनी के दूध के समान है जिसे पीकर कोई भी दहाड़ सकता है। फ्लाइंग आफिसर डॉ चमन ने कहा- देश के युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण व तथ्यों पर आधारित विश्लेषण से  समावेशित विकास होगा।

देश का संविधान देश को प्रभुत्व संपन्न व एकता व अखंडता के सूत्र में बांधने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक न्याय भारतीय संविधान की मूल भावना में नियत है।  विद्यार्थियों को छात्र जीवन में  अनुशासन, एकता व चरित्र  के बल पर महान उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए कठोर परिश्रम करना चाहिए।

विद्यार्थियों में अध्ययन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, खेल, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एवं गाइड, रोवर एवं रेंजर व सृजनात्मक गतिविधियों में शामिल कर नशे पर नकेल कसी जा सकती है। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष  व  एनसीसी वायुसेना विंग मंडी के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने   यूनिटी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल रिवालसर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में यह शब्द विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहे।  फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा-  विद्यार्थी देश का भविष्य है। आज का विद्यार्थी कल का

नेता, आर्मी ऑफिसर, प्रोफेसर, इंजीनियर, डॉक्टर, व्यवसायी, किसान व देश की सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक चेतना का आधार स्तंभ बनेगा। विद्यार्थियों में अनुशासन व चरित्र निर्माण महत्वपूर्ण है।चरित्र व अनुशासन के बल पर भारत दुनिया में सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बन सकता है।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- राष्ट्रीय कैडेट कोर भारत के रक्षा मंत्रालय के अधीन दुनिया का सबसे बड़ा वर्दी धारक युवाओं का संगठन है। युवाओं में चरित्र, साहस, मैत्री, अनुशासन, नेतृत्व, धर्मनिरपेक्षता का दृष्टिकोण, साहस और क्रीडा कौशल के प्रति उत्साह, निस्वार्थ सेवा का आदर्श गुणों का विकास कर देशभक्त व उत्कृष्ट नागरिक बनाने में एनसीसी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सशस्त्र सेना तथा जीवन के हर क्षेत्र में नेतृत्व देने और देश सेवा के लिए सदा तत्पर रहने वाले युवकों में एक संगठित, प्रशिक्षित और प्रेरित जन शक्ति का संचार करना राष्ट्रीय कैडेट कोर के उद्देश्यों में शामिल है।

एनसीसी में संस्थागत प्रशिक्षण, साहसिक खेलों, युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम व सामुदायिक विकास कार्यक्रमों से युवाओं का सर्वांगीण विकास किया जाता है।एनसीसी से प्रशिक्षित युवा भारतीय सशस्त्र सेनाओं, पुलिस, भारतीय प्रशासनिक सेवा व जीवन के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। एनसीसी "सी " प्रमाण पत्र धारक कैडेटों के इंडियन मिलिट्री अकादमी ( आई एम ए) देहरादून, ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) चेन्नई व अन्य सशस्त्र सैन्य बलों में पद आरक्षित रहते है।

इस अवसर पर फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने अपने विद्यार्थी जीवन, सैन्य जीवन, पत्रकारिता व उच्च शिक्षा, अनुसंधान व शोध के अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ सांझा किया।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- नवोदय स्कूल का छात्र होने के नाते नार्थ ईस्ट के मेघालय राज्य के साउथ गारो हिल्स, चंबा के जवाहर नवोदय विद्यालय सरोल व जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह से स्कूली स्तर की शिक्षा अर्जित की है। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी से ग्रेजुएशन हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से एमफिल, पीएचडी, योग अध्ययन, पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा इन हुमन रिसोर्स डेवलपमेंट की डिग्रियां प्राप्त की है।पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर व जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी दिल्ली से अध्ययन, प्रशिक्षण, कार्यशाला व रिफ्रेशर कोर्स करने के अवसर मिले हैं।

ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) नागपुर व एयर फोर्स स्टेशन तंबाराम चेन्नई से एयर फोर्स अधिकारी प्रशिक्षण के शानदार अवसर मिले हैं। भारत के प्रत्येक राज्य से विद्यार्थी जीवन के सहपाठी व  एनसीसी प्रशिक्षण के दौरान देश की भाषा, संस्कृति, भूगोल, इतिहास, सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक दशाओं को करीब से समझने का शानदार अवसरों ने व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

भारत विविधता में एकता वाला एक शानदार उपमहाद्वीप है। इस अवसर पर शैक्षणिक जगत, खेलों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने सम्मानित किया। यूनिटी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल रिवाल्वसर के प्राचार्य डीडी शर्मा ने मुख्य अतिथि फ्लाइंग ऑफिसर डॉ  चमन को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्राचार्य डी डी शर्मा ने कहा- फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन के उदबोधन ने विद्यालय के विद्यार्थियों को महान उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर देश व प्रदेश की समृद्ध  संस्कृति की झलक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देखने को मिली  विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबका मन मोह लिया।  सोलो सांग में  दिक्षित प्रथम, रंगोली में दामिनी प्रथम, दिव्यांश , द्वितीय व  हेमलता तृतीय स्थान पर रही।

बैडमिंटन में खुशी, नूतन व भारती पहले तीन स्थानों पर रहे । भाषण प्रतियोगिता में कृतिका  प्रथम, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में निखिल अस्मिता और शिवान की टीम प्रथम स्थान पर रही।  केजी समूह के बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें तनुज, गरवी, शिवन्या, मुकुल शर्मा, काव्यांश, यश, कृतिका, काव्या गुप्ता, आर्यांश, अनीश, रिया, रूहानिका, निरल, अभिषेक, हिमांशु, दिवेश, अंशुल, मुकुल, आदित्य, इशांत शर्मा, लक्ष्य शर्मा, शुभम, सुशील शर्मा, भवनेश, अरुण सहित संस्कृति कार्यक्रमों, खेल व शैक्षणिक जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर यूनिटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल रिवाल्वसर के प्राचार्य डी डी शर्मा,   भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल (आइटीबीपी) के असिस्टेंट कमांडेंट भाग सिंह ( सेवानिवृत्त),  अर्थशास्त्र के प्रोफेसर भगवान दास,   गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रिवालसर के प्राचार्य   डी आर ठाकुर, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रिवाल्वसर की स्कूल मैनेजमेंट कमेटी ( एस एम सी)  के  प्रधान कमलेश शर्मा,  भारतीय जीवन बीमा से अजय कुमार,  सूबेदार मेजर उधम सिंह,  सूबेदार सोहन सिंह,  वरिष्ठ शिक्षक दुष्यंत पंडित, शिक्षिका भारती,  शिक्षिका तांबरी, फ्लाइट कैडेट जतिन

कुमार, फ्लाइट कैडेट मोहित कुमार सहित शिक्षक वर्ग, गैर शिक्षक वर्ग, विद्यार्थियों के अभिभावकों व विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया।



Flying Officer participated as Chief Guest in Unity Public School at Rewalsar on 3-01-2023



SMC Members with Chief Guest Flying Officer Dr. Chaman at Rewalsar

के आकस्मिक

कुल्लु जिला परिषद के
न पर एक शोक सभा
शांति के लिए दो मिनट
निधन से हुई क्षतिपूर्ति
म्मत प्रदान करने के
श्री सत्य प्रकाश ठाकुर
धिकारी व समाजवादी
इसके साथ-2 वे कुल्लु
कालित आंदोलन को
समय से ही सक्रिय
अपितु पूरे हिमाचल में
ल समिति विभाग के
कुल्लु कांग्रेस कमेटी के
कों समाजसेवक कार्यो
दिया दिया था। ठाकुर
के उपरांत 93 वर्ष की
तक न होने के पीछे
प्रदेश से बाहर थे और
समय में विलम्ब हुआ।
काग्रेस सेवादल व
दस्य जिला परिषद् व
सिंह ठाकुर, मोहर सिंह
ती, इन्द्रा देवी, टिकम
रमेश ठाकुर मुख्य
व अन्य कर्मचारियों,
के लिए दो मिनट का
।

# शिक्षा के अवसरों पर निर्भर समाज का विकास : चमन सिंह

## मंडी कॉलेज प्रोफेसर एव एनसीसी एयर विंग फ्लाइट कमांडर ने ट्रिनिटी स्कूल मेधावियों को बांटे पुरस्कार



मंडी, (रूप लाल कौंडल)। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष व एनसीसी भारतीय वायु सेना विंग मंडी के फ्लाइट कमांडर, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह ने रिवालसर के यूनिटी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के दो दिवसीय वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दूसरे दिन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने यूनिटी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सैकड़ों विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एकता व अनुशासन से देश में सर्वश्रेष्ठ नागरिक व भविष्य के नेता तैयार होंगे। समाज का उत्थान समाज में शिक्षा की प्रगति पर निर्भर करता है। ज्ञान मानव जीवन का आधार है। देश व दुनिया में रिवालसर बौद्ध, हिंदू व सिख धर्म की त्रिवेणी के रूप में जाना जाता है। रिवालसर नालंदा विश्वविद्यालय के आचार्य रिंपोंचे पद्म संभव, लोमस ऋषि व गुरु गोविंद सिंह की तपोस्थली व कर्मभूमि रही है। रिवालसर पूरी दुनिया को मानवता, भाईचारे, शांति, करुणा, सत्य, अहिंसा, त्याग व वीरता का संदेश देता है। रिंपोंचे पद्म संभव व उनकी शिष्या राजकुमारी मंधरवा ने अपने जीवन का शिक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देकर पूरी दुनिया को शिक्षा के महत्व से अवगत करवाया। फ्लाइंग ऑफिसर डॉक्टर चमन ने कहा- भारत रत्न डॉ बीआर अंबेडकर का संपूर्ण जीवन अध्ययन और शिक्षा के लिए समर्पित रहा है। डॉक्टर अंबेडकर ने कहा था कि शिक्षा उस शेरनी के दूध के समान है जिसे पीकर कोई भी दहाड़ सकता है। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन ने यूनिटी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल रिवालसर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में यह शब्द विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में अनुशासन व चरित्र निर्माण महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर यूनिटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल रिवालसर के प्राचार्य डी डी शर्मा, भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के असिस्टेंट कमांडेंट भाग सिंह (सेवानिवृत्त), अर्थशास्त्र के प्रोफेसर भगवान दास, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रिवालसर के प्राचार्य डीआर ठाकुर,गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रिवाल्सर की स्कूल मैनेजमेंट कमेटी ( एसएमसी) के प्रधान कमलेश शर्मा, भारतीय जीवन बीमा से अजय कुमार, सूबेदार मेजर उधम सिंह, सूबेदार सोहन सिंह, वरिष्ठ शिक्षक दुष्यंत पंडित, शिक्षिका भारती, शिक्षिका तांबरी, फ्लाइट कैडेट जतिन कुमार, फ्लाइट कैडेट मोहित कुमार सहित शिक्षक वर्ग, गैर शिक्षक वर्ग, विद्यार्थियों के अभिभावकों व विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र वाले कुल्लू के मलाणा में विकास कार्यों की हुई समीक्षा

भुंतर, (आपका फैसला)। बुधवार को खंड विकासअधिकारी भुंतर मान सिंह कश्यप, कनिष्ठ अभियंता तनुजा शर्मा , पंचायत सचिव चेत राम व तकनीकी सहायक ठाकुर दास द्वारा ग्राम पंचायत मलाणा के पंचायत प्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों संबंधी समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक मे महत्वकांक्षी योजनाओं का जायजा भी जायजा लिया गया। बीडीओ भुंतर अपनी टीम के साथ विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र वाले जिला कुल्लु के मलाणा गांव पहुंचे और सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बड़े ही विस्तार के साथ चर्चा की। मनरेगा, 15वां वित्तायोग ,स्वच्छ भारत अभियान और अन्य विकास कार्यो कार्यान्वित व समय पर पूरा करने के आदेश भी दिए ताकि समय पर पात्र लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। वहीं ग्राम पंचायत मलाणा के प्रधान राजू राम ने बताया कि हमें बहुत अच्छा लगा कि हमारी पंचायत में बीडीओ साहब आए और बहुत ही अच्छे तरीके से योजनाओं बारे हमें बताया। बीडीओ के पास पंचायत जनप्रतिनिधियों को भी अपनी बात रखने का एक अच्छा मौका मिला।

**Vallabh Government College, Mandi**

**NCC Air Wing Activity**

| Sr. No. | Particulars | Remarks |
|---|---|---|
| 1 | Date | 4 January, 2022 |
| 2 | Name of Activity | Career in Armed Forces Motivational Lecture at Unity Public School at Rewalsar |
| 3 | Name of unit/ agency/ Dept. organizing the activity | Unity Public School Rewalsar |
| 4 | Name of any collaborating Agency | NCC Air Wing |
| 5 | No. of students Participants | 1000 |
| 6 | No. of Teacher Participation | 1 |
| 7 | Brief report with 2 photographs | Vallabh Government College Mandi's Department Head of Journalism and Mass Communication, and, Flying Officer Dr. Chaman Lal Kranti Singh, participated as the chief guest on the second day of the two-day annual prize distribution ceremony at Rivalsar's Unity Public Senior Secondary |

| | | |
|---|---|---|
| | | School.<br><br>While addressing hundreds of students at Unity Public Senior Secondary School, Flying Officer Dr. Chaman said, "With unity and discipline, the country will produce the finest citizens and future leaders. The progress of education in society depends on the upliftment of society. Knowledge is the foundation of human life."<br><br>Rivalsar is known as the confluence of Buddhist, Hindu, and Sikh religions in the country and the world. Rivalsar has been the abode of Acharya Rimpoche, the seat of meditation for Lomas Rishi and Guru Govind Singh. Rivalsar conveys the message of humanity, brotherhood, peace, compassion, truth, non-violence, sacrifice, and courage to the entire world.<br><br>Acharya Rimpoche Padma Sambhava and his disciple Rajkumari Mandharva, through the highest sacrifice for education, have made the world aware of the importance of education.<br><br>The purpose of education is to make citizens ethical and social. Education is a sacred institution. Schools cultivate cultured minds. To make civilized citizens, schools are sacred spaces.<br><br>Flying Officer Dr. Chaman stated, "The entire life and education of Bharat Ratna Dr. B.R. Ambedkar is dedicated to education." Dr. Ambedkar had said, "Education is like the milk of a lioness, which, once consumed, |

| | | |
|---|---|---|
| | | empowers anyone to roar."<br><br>Flying Officer Dr. Chaman, the Head of the Department of Journalism and Mass Communication at Vallabh Government College Mandi, and the Flight Commander of the Indian Air Force Wing Mandi, was the chief guest on the second day of the two-day annual prize distribution ceremony at Rivalsar's Unity Public Senior Secondary School.<br><br>While addressing the students, Flying Officer Dr. Chaman stated, "Unity and discipline will make the youth the finest citizens and leaders of the future in the country. The progress of society depends on the advancement of education in society. Knowledge is the foundation of human life."<br><br>He emphasized that Rivalsar is known globally as the confluence of the Buddhist, Hindu, and Sikh religions. Rivalsar has been the abode of Acharya Rimpochhe of Nalanda University, Lomas Rishi, and Guru Govind Singh. Rivalsar conveys the message of humanity, brotherhood, peace, compassion, truth, non-violence, sacrifice, and valor to the entire world.<br><br>Dr. Rimpochhe Padam Sambhav and his disciple Rajkumari Mandarva sacrificed their lives for education, making the world aware of the importance of education.<br><br>"The purpose of education is to make citizens ethical and social. Education is a sacred institution, and schools are sanctuaries for cultivating civilized citizens," mentioned Dr. Chaman. |

| | | |
|---|---|---|
| | | Quoting Dr. B.R. Ambedkar, Dr. Chaman stated, "Education is like the milk of a lioness that anyone can roar after consuming." He further added that the development of a scientific perspective and analytical thinking based on facts among the youth will lead to inclusive development.<br><br>He highlighted the crucial role of the constitution in binding the country in the threads of sovereignty, unity, and integrity. Social, political, and economic justice are inherent in the fundamental principles of the Indian constitution.<br><br>Dr. Chaman urged students to work hard with discipline, unity, and character to achieve great goals in their student lives. Involvement in studies, scientific thinking, sports, NCC, NSS, Scouts and Guides, Rover and Ranger, and creative activities can help students avoid vices.<br><br>Dr. Chaman emphasized that students are the future of the country, and today's students will become tomorrow's leaders, army officers, professors, engineers, doctors, entrepreneurs, farmers, and the foundation of the country's social, economic, and political consciousness.<br><br>Discipline and character building are crucial in students, and based on these, India can become the best nation in the world. Dr. Chaman stressed the importance of the National Cadet Corps (NCC) in developing disciplined, service-oriented, and excellent citizens committed to serving the nation. |

| | | |
|---|---|---|
| | | He acknowledged the significant role of NCC in producing trained youth contributing to the armed forces, police, Indian Administrative Service, and various other fields. NCC cadets holding the "C" certificate have reserved positions in the Indian Military Academy (IMA) Dehradun, Officer Training Academy (OTA) Chennai, and other armed forces.<br><br>Dr. Chaman shared his experiences in student life, military life, journalism, higher education, research, and emphasized the importance of education with the students. He highlighted his academic journey from Navodaya schools in Meghalaya, Chamba's Jawahar Navodaya Vidyalaya Sarol, and Jawahar Navodaya Vidyalaya Pando to graduation from Vallabh Government College Mandi.<br><br>Furthermore, he pursued M.Phil, Ph.D., Yoga studies, and a Postgraduate Diploma in Human Resource Development from Himachal Pradesh University Shimla. He attended courses and workshops at Panjab University Chandigarh, Kurukshetra University, Guru Nanak Dev University Amritsar, and Jawaharlal Nehru University Delhi.<br><br>Dr. Chaman received excellent opportunities for officer training from Officer Training Academy (OTA) Nagpur and Air Force Station Tambaram Chennai. He highlighted the significance of training in developing officers for the Indian Air Force.<br><br>Dr. Chaman, being an alumnus of Navodaya schools, appreciated the exposure he gained during NCC training, allowing him to understand the |

| | | |
|---|---|---|
| | | language, culture, geography, history, social, political, and economic conditions of the country closely, contributing significantly to his personality development.<br><br>He emphasized India's diversity, stating it as a magnificent subcontinent of unity. Dr. Chaman honored students who excelled in academics, sports, and cultural programs during the event.<br><br>The chief guest awarded Flying Officer Dr. Chaman with a token of appreciation, acknowledging his contribution to the students' motivation. The Principal of Unity Public Senior Secondary School, D.D. Sharma, expressed gratitude for Dr. Chaman's enlightening speech, inspiring students to strive for noble goals.<br><br>The event witnessed the participation of various dignitaries, including Assistant Commandant Bhag Singh (Retd.) from the Indo-Tibetan Border Police Force, Professor Bhagwan Das from the Economics Department, D.R. Thakur, Principal of Government Senior Secondary School Rivalsar, Kamlesh Sharma, the Principal of Government Senior Secondary School Rivalsar's School Management Committee (SMC) Head, Ajay Kumar from LIC, Subedar Major Udhham Singh, Subedar Sohan Singh, Senior Teacher Dushyant Pandit, Teacher Bharati, Flight Cadet Jatin Kumar, Flight Cadet Mohit Kumar, along with teachers, non-teaching staff, parents, and hundreds of students from the school.<br><br>In conclusion, the chief guest praised the students' outstanding |

| | | |
|---|---|---|
| | | performance in cultural programs, sports, and educational activities, lauding their contribution to the prosperity of the nation and the state's rich culture. |

**दिनांक 12 जनवरी 2023**

## वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के छात्र रह चुके संतोष कुमार का चयन भारतीय वायु सेना के फ्लाइंग ऑफिसर प्रशिक्षण के लिए हुआ है।

संतोष कुमार ने शैक्षणिक सत्र 2019-2022 में वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी से बीएससी मे ग्रेजुएशन की है। संतोष कुमार ने कहा- वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में एनसीसी वायुसेना विंग मंडी के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन के व्यक्तित्व से प्रेरित होकर भारतीय वायु सेना में बतौर अधिकारी बनने का निर्णय लिया। भारतीय वायु सेना की यूनिफॉर्म, रोमांच व साहस से आकर्षित होकर भारतीय वायु सेना में बतौर अधिकारी बनने के लिए मेहनत प्रारंभ कर दी। संतोष कुमार ने कहा- फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने उनका मार्गदर्शन किया।

मंडी के हवानी गांव बलद्ववाड़ा से संबंध रखने वाले संतोष कुमार केपिता प्रकाश चंद ठाकुर सेना से आनररी कैप्टन के पद से सेवानिवृत्त हुए है। माता विमला देवी कुशल गृहिणी है। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने जानकारी देते हुए कहा- संतोष कुमार वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के उत्कृष्ट एथलीट्, खिलाड़ी, अनुशासित व मेहनती विद्यार्थी रहे है।

वर्ष 2022 में एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की बाद भारतीय वायु सेना सर्विस सिलेक्शन बोर्ड गांधीनगर से बतौर अधिकारी प्रशिक्षण के लिए चयनित हुए। संतोष कुमार का चयन भारतीय वायु सेना की लॉजिस्टिक ब्रांच के लिए हुआ है। संतोष कुमार के भारतीय वायु सेना में अधिकारी प्रशिक्षण के लिए चयनित होने से वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के बॉयज हॉस्टल, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी व उनके पैतृक गांव बल्द्ववाड़ा में खुशी की लहर है। फ्लाइंग ऑफिसर डॉक्टर चमन ने कहा- संतोष कुमार ने मैट्रिक मेमोरियल पब्लिक स्कूल बलद्ववाड़ा, टेन प्लस टू तक की शिक्षा सनराइज पब्लिक स्कूल बलद्ववाड़ा व ग्रेजुएशन वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी से उत्तीर्ण की है।

संतोष कुमार ने कहा_ 10 वीं की परीक्षा 91 प्रतिशत, 12वी की परीक्षा 92 प्रतिशत व ग्रेजुएशन 88 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण की है। वर्ष 2019 में संतोष कुमार ने भारतीय सेना की जनरल ड्यूटी की परीक्षा भी उत्तीर्ण की थी। संतोष कुमार ने बताया गुरुजनों व माता पिता के आशीर्वाद व कड़ी मेहनत करने वालों को हमेशा लक्ष्य हासिल होता है। संतोष कुमार वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के छात्रवास में रहते थे।

उन्होंने बताया कि छात्र वास में ग्रुप स्टडी व मित्रों से भी उन्हें जीवन में व सफलता के क्षेत्र में काफी लाभ मिला है।वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी की प्राचार्या प्रोफेसर सीमा बावा, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन, स्टाफ काउंसिल की सचिव प्रोफेसर पूनम शर्मा, बॉयज हॉस्टल के वार्डन संतोष कुमार, नीरज सोलंकी सहित शिक्षक वर्ग व गैर शिक्षक वर्ग ने संतोष कुमार की शानदार सफलता के लिए शुभकामनाएं दी है।

**दिनांक 19 फरवरी 2023**

## 71 एनसीसी एयर विंग कैडेटों ने "सी" सर्टिफिकेट परीक्षा में भाग लिया

1 हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कुल्लू के 71 एनसीसी एयर विंग कैडेटों ने "सी" सर्टिफिकेट परीक्षा में भाग लिया। चंडीगढ़ एयर स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर विंग कमांडर एस किनहा, लेफ्टिनेंट कर्नल नरेश कुमार व फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन, बोर्ड ऑफ ऑफिसर्स में शामिल रहे।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- एनसीसी "सी" प्रमाण पत्र धारकों को भारतीय वायु सेना, भारतीय जल सेना, भारतीय स्थल सेना सहित विभिन्न सशस्त्र बलों में विशेष वरीयता दी जाती है। एनसीसी एकता व अनुशासन पर काम करती है। 1 हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कुल्लू के 71 कैडेटों ने एनसीसी सी प्रमाण पत्र परीक्षा में भाग लिया। इसमें एनसीसी एयर विंग मंडी, एनसीसी एयर विंग कुल्लू, एनसीसी एयर विंग उन्ना, एपीजी विश्वविद्यालय शिमला व एनसीसी एयर विंग एनआईटी हमीरपुर के कैडेटों ने भाग लिया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट अनिकेत शर्मा, जूनियर वारंट ऑफीसर जितेंद्र यादव, सार्जेंट ऋषि, सार्जेंट राकेश, कारपोरल अर्जुन चौधरी, कारपोरल हुसैन, कारपोरल अभिषेक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**दिनांक 17 फरवरी 2023**

## एनसीसी कैडेटों के सम्मान मे कार्यक्रम आयोजित

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी मे राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली मे पंजाब, हरियाणा हिमाचल प्रदेश व चंडीगढ़ निदेशालय का प्रतिनिधित्व करने वाले एनसीसी कैडेटों के सम्मान मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। वर्ष भर एनसीसी प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों के लिए पद अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने की।

प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ने पद अलंकरण समारोह में उपस्थित एनसीसी वायु सेना व एनसीसी आर्मी विंग के कैडेटों व अधिकारियों को संबोधित किया। प्राचार्य ने कहा ने कहा- महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। चरित्र निर्माण व अनुशासन में एनसीसी की भूमिका महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा, एनसीसी सीनियर डिविजन आर्मी विंग के कंपनी कमांडर मेजर चेतन सिंह राणा व फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह ने गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। महाविद्यालय स्मृति चिन्ह पुरस्कार प्राप्त करने वालों मे सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर, कैडेट वारंट ऑफिसर अजय कुमार, कैडेट कॉरपोरल पंकज कुमार व कैडेट कॉरपोरल निकिता ठाकुर शामिल रहे।

इस अवसर पर एनसीसी वायु सेना विंग के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- वल्लभ महाविद्यालय का फाउंडेशन स्टोन , हिमाचल के लेफ्टिनेंट गवर्नर मेजर जनरल हिम्मत सिंह ने 1953 मे रखा है। हिमाचल प्रदेश में एनसीसी सर्वप्रथम वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में प्रारंभ की गई थी। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों ने रूस, कजाकिस्तान, वियतनाम व बांग्लादेश मे देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- वर्ष 2021-2022 के एनसीसी सैन्य प्रशिक्षण मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर एनसीसी एयर विंग के कैडेट अजय कुमार को पदोन्नत कर कैडेट वारंट ऑफिसर का रैंक प्रदान किया गया। कैडट पंकज कुमार को कारपोरल के पद पर पदोन्नत किया गया। कैडेट निकिता ठाकुर को कॉरपोरल के पद पर पदोन्नत किया गया।

पद अलंकरण समारोह मे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा, कंपनी कमांडर मेजर चेतन सिंह राणा व फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने एनसीसी सैन्य प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों के कंधे पर रैक लगाए।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉक्टर चमन ने कहा- एनसीसी सैन्य प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले

कैडेटों के सम्मान में महाविद्यालय प्रशासन द्वारा हाइ टी पार्टी का आयोजन किया गया। हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कुल्लू के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन एसके शर्मा ने गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली मे भाग लेने वाले कैडेटों व एनसीसी प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वल्लभ महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों को शुभकामनाएं प्रेषित की है। ग्रुप कैप्टन एस के शर्मा ने कहा- कैडेटों की उपलब्धियां एयर स्क्वाड्रन कुल्लू के लिए गौरव का विषय है।

इस अवसर पर एनसीसी आर्मी विंग के कंपनी कमांडर मेजर चेतन सिंह राणा ने कहा- महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट एनसीसी प्रशिक्षण के बाद भारतीय सशस्त्र बलों मे विभिन्न पदों पर अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे हैं।

पद अलंकरण समारोह मे कंपनी कमांडर मेजर चेतन सिंह राणा, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन, सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल ठाकुर, अंडर ऑफिसर पनिता, सीनियर अंडर ऑफिसर प्रियंका, कैडेट वारंट ऑफिसर अजय कुमार, कारपोरल पंकज कुमार, कारपोरल निकिता ठाकुर सहित एनसीसी एयर विंग व आर्मी विंग के सैकड़ों कैडेटों ने भाग लिया।

**दिनांक 19 फरवरी 2023**

**71 एनसीसी एयर विंग कैडेटों ने "सी" सर्टिफिकेट परीक्षा में भाग लिया।**

1 हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी  कुल्लू के 71 एनसीसी एयर विंग कैडेटों ने "सी" सर्टिफिकेट परीक्षा में भाग लिया।  चंडीगढ़ एयर स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर विंग कमांडर  एस किनहा,  लेफ्टिनेंट कर्नल नरेश कुमार व फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन,  बोर्ड ऑफ ऑफिसर्स में शामिल रहे।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- एनसीसी "सी" प्रमाण पत्र धारकों को भारतीय वायु सेना, भारतीय जल सेना, भारतीय स्थल सेना सहित विभिन्न सशस्त्र बलों में विशेष वरीयता दी जाती है। एनसीसी  एकता व अनुशासन  पर काम करती है।   1 हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी  कुल्लू के 71 कैडेटों ने एनसीसी सी प्रमाण पत्र परीक्षा में भाग लिया।  इसमें एनसीसी एयर विंग मंडी, एनसीसी एयर विंग कुल्लू, एनसीसी एयर विंग  उन्ना, एपीजी विश्वविद्यालय शिमला व एनसीसी एयर विंग एनआईटी हमीरपुर के कैडेटों ने भाग लिया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट अनिकेत शर्मा, जूनियर वारंट ऑफीसर जितेंद्र यादव,  सार्जेंट ऋषि, सार्जेंट राकेश, कारपोरल अर्जुन चौधरी, कारपोरल हुसैन, कारपोरल अभिषेक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**दिनांक 22 फरवरी 2023**

## शिवम सहगल का आर्मी ऑफिसर के प्रशिक्षण के लिए इंडियन मिलिट्री अकादमी देहरादून के लिए चयन

मंडी के होनहार व मेधावी युवा शिवम सहगल का आर्मी ऑफिसर के प्रशिक्षण के लिए इंडियन मिलिट्री अकादमी देहरादून के लिए चयन हुआ है। शिवम ने टेक्निकल ग्रैजुएट कोर्स -134 मे देशभर में सर्विस सिलेक्शन बोर्ड बेंगलुरु से दूसरा स्थान अर्जित किया है।

शिवम, मंडी के खलियार क्षेत्र के रहने वाले हैं। एनसीसी वायु सेना विंग मंडी के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह ने जानकारी देते हुए कहा- शिवम सहगल 24 फरवरी 2022 को इंडियन मिलिट्री अकादमी देहरादून मे सैन्य प्रशिक्षण के लिए रिपोर्ट करेंगे।

डॉ चमन ने कहा- शिवम के पिता डॉ संजय सहगल, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के भूगोल विभाग में प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष है।

शिवम की माता रजनी सहगल, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनल) मे बतौर एसडीओ कार्यरत है। शिवम के दादा पीसी सहगल ब्लाक प्राइमरी एजुकेशन ऑफिसर के पद से सेवानिवृत्त अधिकारी है। दादी भी अध्यापिका रह चुकी है। छोटा भाई भास्कर मंडी के एक निजी स्कूल में आठवीं कक्षा की पढ़ाई कर रहा है।

प्रोफेसर संजय सहगल ने जानकारी देते हुए कहा- उनके बेटे शिवम ने डीएवी सेनेटरी पब्लिक स्कूल मंडी से मैट्रिक की है। टेन प्लस टू की परीक्षा हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से 96.4 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण कर हिमाचल प्रदेश में मेरिट में छठा स्थान अर्जित किया है। पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज चंडीगढ़ से कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग की स्नातक की डिग्री, प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है है।

शिवम बचपन से ही मेधावी  व कुशाग्र बुद्धि के छात्र रहे है। शिवम सहगल ने इससे पूर्व नेशनल डिफेंस अकादमी (एनडीए) की परीक्षा, जेईई परीक्षा, कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज की परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुके है। शिवम,  बीटेक कंप्यूटर इंजीनियर की डिग्री करने के बाद  बहुराष्ट्रीय कंपनी मे बहुत अच्छे वेतनमान पर अपनी सेवाएं दे रहे थे।

लेकिन शिवम ने भारी-भरकम पैकेज की नौकरी को तिलांजलि देकर भारतीय सेना में बतौर  सैन्य अधिकारी अपनी मातृभूमि की सेवा करने का निर्णय लिया है। शिवम कराटे में ब्लैक बेल्ट है। छात्र जीवन मे प्रश्नोत्तरी, भाषण, वाद विवाद, खेलकूद  प्रतियोगिताओं मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करता रहा है।  वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई पी शर्मा ,

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन लाल क्रांति सिंह व स्टाफ काउंसिल ने शिवम का भारतीय सैन्य अकादमी के लिए चयनित होने पर  शुभकामनाएं  दी है व  शिवम के  बतौर सैन्य अधिकारी चयन को  मंडी और प्रदेश के लिए गौरव का विषय  बताया है।

**दिनांक 19 मार्च 2023**

## वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में  एनसीसी एयर विंग कैडेटों, रेड क्रॉस क्लब व रेड रिबन क्लब ने संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में  एनसीसी एयर विंग कैडेटों  रेड क्रॉस क्लब व रेड रिबन क्लब ने संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के 50 से अधिक प्रोफेसरों व विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। रेड क्रॉस क्लब मंडी के कार्यक्रम अधिकारी फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा हेतु रक्तदान का बहुत बड़ा महत्व है। रक्तदान कर युवा समाज में सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं। रक्तदान शिविरों से जुड़कर सामाजिक कुरीतियों व नशे पर अंकुश लगाया जा सकता है।

रेड क्रॉस क्लब व रेड रिबन क्लब स्वास्थ्य जागरूकता, पारस्परिक समझ, मित्रता, सहयोग व स्थाई शांति को बढ़ावा देने के लिए रक्तदान शिविरों, स्वास्थ्य व पर्यावरण जागरूकता रैलियों, सेमिनारों, पोस्टर मेकिंग, डॉक्यूमेंट्री फिल्मों व विषय विशेषज्ञों के भाषण, संवाद कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

रेड रिबन क्लब कार्यक्रम की अधिकारी डॉ राधिका जमवाल ने कहा- राष्ट्रीय महिला दिवस पर रक्तदान शिविर व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। नेता जी सुभाष चंद्र बोस मंडी में कार्यरत काउंसलर श्याम लता ने विद्यार्थियों को एड्स व संक्रमित रोगों पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की।

महिला दिवस पर आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जसवंत सिंह ठाकुर ने की। प्राचार्य डॉ जसवंत सिंह ठाकुर ने कहा- जननी व जन्मभूमि व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नारी की इज्जत करना सभ्य समाजों की पहचान है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जसवंत सिंह ठाकुर ने कहा- फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने 15 वीं बार रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।

इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष व रेड क्रॉस क्लब के कार्यक्रम अधिकारी फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन, भूगोल विभागध्यक्ष प्रदीप कुमार व भौतिकी विभाग के प्रोफेसर डॉ दिलीप कुमार ने विद्यार्थियों के साथ रक्तदान किया।

विद्यार्थियों में पुष्पेश नेगी, आदित् शर्मा, दलीप सिंह, विकास, आकाश चौधरी, आशीष, दलजीत कौर व प्रियांशु भंडारी ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। रक्तदान शिविर में रेड क्रॉस क्लब, रेड रिबन क्लब, एनसीसी एयर विंग, एनसीसी आर्मी विंग, एनएसएस व रोवर रेंजर ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

इस अवसर पर भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागध्यक्ष फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन, जीव विज्ञान विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ मोनिका पंचानी, डॉ संजय नारंग, भौतिकी विभाग के प्रोफेसर डॉ दिलीप कुमार, शिक्षा विभागाध्यक्षा डॉ सुमन, रसायन शास्त्र विभाग से डॉ कंचन परमार व अर्थशास्त्र विभाग से प्रोफेसर वंदना ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**दिनांक 23 मार्च 2023**

## हिमाचल प्रदेश के एनसीसी एयर विंग कैडेट  अपने प्रदेश में पहली बार  माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट से उड़ान भरने का प्रशिक्षण कुल्लू  में लेंगे

हिमाचल प्रदेश के एनसीसी एयर विंग कैडेट  अपने प्रदेश में पहली बार  माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट से उड़ान भरने का प्रशिक्षण  कुल्लू  में लेंगे । इससे पहले प्रदेश के एनसीसी वायुसेना विंग के कैडेटों को पंजाब के पटियाला में विमान उड़ाने के प्रशिक्षण के लिए जाना पड़ता था।

जिला कुल्लू के भुंतर हवाई अड्डे में हैंगर निर्माण व टैक्सी ट्रेक के बनने से विमान प्रशिक्षण की सुविधाएं एनसीसी वायु सेना विंग के कैडेटों अपने ही प्रदेश में मुहैया होगी। हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी के एसोसिएट एनसीसी अधिकारी फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया प्रदेश सरकार व एनसीसी अधिकारियों के प्रयासों से भुंतर हवाई अड्डे में हैंगर व टैक्सी ट्रेक का निर्माण कार्य शुरू होने से प्रदेश के एनसीसी वायु सेना विंग के कैडेटों में खुशी की लहर है।

हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन  एनसीसी कुल्लू के  दो माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट प्रदेश में हैंगर व टैक्सी ट्रैक की सुविधा ना होने के कारण पंजाब के पटियाला में रखने पड़ रहे थे।  एनसीसी एयर विंग के कैडेटों को माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट का प्रशिक्षण लेने के लिए पंजाब के पटियाला में जाना पड़ता था। प्रदेश में पहली बार एनसीसी एयर विंग कैडेटों के लिए फ्लाइंग का प्रशिक्षण लेने के लिए भुंतर एयरपोर्ट पर हैंगर व टैक्सी ट्रैक का निर्माण कार्य जारी है। इसके लिए स्थानीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण  ( लाडा) से लगभग 50 लाख की राशि जारी की गई  है।

एनसीसी वायुसेना विंग मंडी व  कुल्लू के कैडेटों व अधिकारियों ने  प्रदेश सरकार, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कुल्लू के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन एस के शर्मा, ग्रुप कमांडर शिमला ब्रिगेडियर रोहित दत्ता व जिला प्रशासन कुल्लू के सराहनीय प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया है।

फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन ने कहा- एनसीसी एयर विंग प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं में विमानन गतिविधियों के प्रति रुचि पैदा करना है। उड़ान- दस्तों में सामान्य प्रशिक्षण के अतिरिक्त कैडेटों को ग्लाइडिंग एवं माइक्रोलाइट गतिविधियों का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। कैडेटों को उडडयन विषयों जैसे वायुगतिकी, नेविगेशन, एयरमैनशिप, मौसम विज्ञान व वायु इंजन का बुनियादी सिद्धांतिक ज्ञान भी प्रदान किया जाता है।

इस अवसर पर फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन, फ्लाइंग ऑफिसर निश्चल शर्मा व एनसीसी एयर विंग कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर पंकज कुमार, कैडेट वारंट ऑफिसर राजकुमार, वारंट ऑफिसर निकिता ठाकुर, कैडेट लवनीश, कैडेट ओम, कैडेट कृतिका, कैडेट उमेश, कैडेट राजेश ने कहा- भूंतर हवाई अड्डे में हैंगर व टैक्सी ट्रेक के निर्माण से  हिमाचल प्रदेश के एनसीसी एयर विंग के कैडेट लाभान्वित होंगे।  प्रदेश में फ्लाइंग की सुविधा मिलने से वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी, एनसीसी एयर विंग व कुल्लू महाविद्यालय एनसीसी एयर विंग के कैडेटों सहित पूरे प्रदेश के एनसीसी कैडेटों में खुशी की लहर है। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी की प्राचार्या डॉ सुरीना शर्मा व कुल्लू महाविद्यालय के प्राचार्य  ने एनसीसी कैडेटों को बधाई दी है।

**दिनांक 31 मार्च 2023**

**वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के 72वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में पूर्व प्राचार्या प्रोफेसर शुक्ला शर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुये।**

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के 72वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में पूर्व प्राचार्या प्रोफेसर शुक्ला शर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुये। मुख्य अतिथि ने अकादमिक सत्र 2022-2023 में शैक्षणिक , **एनसीसी,** खेलकूद, एनएसएस, रोवर रेंजर, रेड क्रॉस क्लब, रेड रिबन क्लब व सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर शुक्ला शर्मा ने कहा- शिक्षा, एनसीसी, खेल कूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर सुरीना शर्मा ने अकादमिक सत्र 2022- 2023 की विकासात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्राचार्या प्रोफेसर सुरीना शर्मा ने कहा- महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास में महाविद्यालय के शिक्षकों, गैर- शिक्षकों, विद्यार्थियों, पीटीए, एनसीसी कैडेटों व खिलाड़ियों का महत्वपूर्ण योगदान है। महाविद्यालय के मीडिया समन्वयक डॉ चमन ने जानकारी देते हुए कहा- अकादमिक, एनसीसी, एनएसएस, रोवर व रेंजर, रेड क्रॉस क्लब, रेड रिबन क्लब व खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 700 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

भारत के चुनाव आयोग द्वारा आयोजित डॉक्यूमेंट्री निर्माण प्रतियोगिता में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थी नीरज सोलंकी ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान अर्जित करने पर मुख्य अतिथि ने स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। रेड क्रॉस क्लब में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर थमेशवरी, लवनिश, ओंकार, रोहित व अंकुश शर्मा को सम्मानित किया गया। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा उत्सव समूह प्रथम प्रश्नोत्तरी प्रतिस्पर्धा शिमला में प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान अर्जित करने पर यशपाल, भूपिंदर व गुलाब को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

एनसीसी एयर विंग में ऑल इंडिया वायु सेना कैंप जोधपुर, गणतंत्र दिवस परेड, वार्षिक प्रशिक्षण शिविर, निशानेबाजी, रक्तदान शिविर, ड्रिल व खेलकूद प्रतिस्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सीनियर अंडर ऑफिसर पंकज कुमार, कैरेट वारंट ऑफिसर राजकुमार, कैडेट सीपीएल निकिता ठाकुर, कैडेट प्रेरणा वालिया, कैडेट मोहित वर्मा, कैडेट अंकुश कुमार, कैडेट कार्तिक ठाकुर, कैडेट अदिति ठाकुर, कैडेट सोनिया, कैडेट आंकाक्षा, कैडेट कनुप्रिया, कैडेट प्रोमिला कुमारी, कैडेट साहिल शर्मा, कैडेट प्रणय शर्मा, कैडेट शुभम ठाकुर, कैडेट वरुण, कैडेट लवनीश व कैडेट पारुल को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया।

एनसीसी वायु सेना विंग के 19 कैडेटों ने "सी" प्रमाण पत्र में "ए" ग्रेड, व "बी" ग्रेड में उत्तीर्ण करने पर मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया है। कैडेट अंडर ऑफिसर पनिता, कैडेट वांरट ऑफिसर जयप्रकाश, कैडेट वारंट ऑफिसर इशा, कैडेट वांरट ऑफिसर अजय कुमार, कैडेट सार्जेंट जागृति सैनी, कैडेट सार्जेंट तनु चौधरी, कैडेट सीपीएल निकिता, कैडेट नितिश, कैडेट रजनी, कैडेट उमेश, कैडेट नमन, कैडेट जितेंद्र कुमार, कैडेट पुनित, कैडेट हेमराज, कैडेट नेहा, कैडेट नेहा, कैडेट डिम्पल, कैडेट अंकुश ठाकुर व कैडेट योगराज को सी प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण करने पर मुख्य अतिथि ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। एम एस सी गणित की मेधावी छात्रा नेहा कुमारी, पार्थी तोमर, ईशा व निधि शर्मा को सम्मानित किया गया।

अकादमिक सत्र 2022- 23 की एसडी पूरी स्कॉलरशिप नेहा कुमारी व मेहक गौतम को प्रदान की गई। एम ए इंग्लिश से दिनेश कुमार, आस्था ठाकुर व कनिका को अकादमिक में शीर्ष स्थान अर्जित करने पर सम्मानित किया गया। एम ए. हिंदी से अक्षिता रावत, दीपिका कुमारी, नरेंद्र कुमारी, रीना कुमारी, अजीत कुमार को सम्मानित किया गया। एम ए अर्थशास्त्र से हिमांशु शर्मा, प्रतिका, मीना देवी, शिवानी ठाकुर, गीतू देवी, ईशा गुप्ता, एम ए पॉलीटिकल साइंस से शीशराम, वंदना देवी, नीतिका, मधुबाला, ममता कुमारी, तनूजा व लवली शामिल रहे।

बीएसई तृतीय वर्ष महक गौतम, भावना कुमारी, व टीका को सम्मानित किया गया। बीए प्रथम वर्ष पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से क्षितिज वर्धन व तेजा कुमारी को सम्मानित किया गया। भूगोल प्रथम वर्ष से प्रिया शर्मा व प्रमिला कुमारी को सम्मानित किया गया। बीए प्रथम वर्ष इंग्लिश से धृति शर्मा, व रितिक शर्मा, संगीत से परीक्षित व विनीत कुमार , समाजशास्त्र से विशाखा कुमारी व बबीता, राजनीति शास्त्र से वंदना कुमारी, अर्चना ठाकुर व ट्विंकल को सम्मानित किया गया। गणित से आयुष ठाकुर व रितिका देवी, अर्थशास्त्र से अलीशा व कमल ठाकुर, लोक प्रशासन से सौरव कौंडल, संस्कृत से प्रिया व विमला देवी, टूर एंड ट्रेवल्स अभय भाटिया व निशा कुमारी , मनोविज्ञान से नमन शर्मा व व यमन कुमार को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राचार्य रमेश रवि , प्रोफेसर आर सी कौशल, प्रोफेसर ओ सी मल्होत्रा, प्रोफेसर प्रियदर्शनी, सेवानिवृत्त प्रोफेसर सीमा बाबा वशिष्ठ अतिथियों में शामिल रहे। इस अवसर पर महा विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि व वशिष्ठ अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर मेजर डॉ चेतन सिंह राणा, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ चमन, वरिष्ठ प्रोफेसर जसवंत ठाकुर, प्रोफेसर  दायक राम ठाकुर सहित महाविद्यालय के शिक्षक वर्ग, गैर  शिक्षक वर्ग, पीटीए पदाधिकारियों, ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित   महाविद्यालय के हजारों विद्यार्थियों ने ने भाग लिया।

## पूर्व छात्र संदेश

ज्ञान हर व्यक्ति के जीवन का आधार है। जो आपने सीखा है उसे भूल जाने के बाद जो भी याद रह जाता है वह शिक्षा है। शिक्षा का उद्देश्य लोगों को नैतिक और सामाजिक बनाना है।  शिक्षा के महत्व में कोई संदेह नहीं है, लेकिन शिक्षा के साथ-साथ चरित्र भी सुधारा जाना चाहिए।

चरित्र के बिना शिक्षा का मूल्य  शून्य है। एक बेहतरीन किताब 100 अच्छे दोस्तों के बराबर है। लेकिन एक सर्वश्रेष्ठ दोस्त पुस्तकालय के बराबर है। शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है, और किसी को भी इस अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है। भारत रत्न डॉ बी आर अंबेडकर ने कहा था- तकनीकी और वैज्ञानिक प्रशिक्षण के बिना देश की कोई भी विकास योजना पूरी नहीं होगी। शिक्षित बनो, आंदोलन करो, संगठित रहो, आत्मविश्वासी बनो, कभी भी हार मत मानो यही हमारे जीवन के पांच सिद्धांत हैं।

